ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण कृष्ण पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 05 जुलाई 2023 • वर्ष-29 • अंक-259 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

'फैमिली मैन 3' की शूटिंग का इंतजार कर ... पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी संतोष यादव को मिली जमानत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मंगलवार को साइबर फ्रॉड कर उससे अर्जित की गई राशि की मनी लॉन्ड्रिंग करने के मामले में आरोपित संतोष यादव को 50 हजार रुपये के दो निजी मुचलकों पर जमानत दे दी है। सोमवार को कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई थी, जिसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। उल्लेखनीय है कि संतोष यादव के पास से पुलिस ने 15 लाख की राशि बरामद की थी। मामले को लेकर देवघर मधुपुर थाना में कांड संख्या 351/2017 दर्ज किया गया था। उस पर साइबर क्राइम मामले में मामला दर्ज किया गया है। बाद में ईडी ने भी मामले में ईसीआईआर 6-2022 दर्ज किया था। ईडी कोर्ट ने संतोष यादव को जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद उसने हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी।

### निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों को भेजा गया जेल

**रांची।** ईडी ने निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया और ताराचंद्र से आठ दिनों के पूछताछ के बाद मंगलवार को कोर्ट में प्रस्तुत किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। रिमांड की अवधि पूरी होने पर इन तीनों की पेशी हुई। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने 26 जून को ईडी ने वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया एवं ताराचंद को गिरफ्तार करने के बाद ईडी कोर्ट में पेश किया था।

### बेबी देवी ने मंत्री बनते ही देवघर कांवरिया पथ पर शराब की बिक्री रोकी

**रांची।** हेमंत कैबिनेट में उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बनी बेबी देवी पदभार ग्रहण करने के बाद एक्शन में दिखी। उन्होंने मंगलवार को पहले कार्य दिवस पर देवघर के कांवरिया पथ पर शराब बिक्री पर रोक लगा दी है। उन्होंने निर्देश दिया कि देवघर के श्रावणी मेले में बाबा बैद्यनाथ मंदिर तक सभी प्रकार की मदिरा या शराब की बिक्री पर पूरी तरह से रोक रहेगी। मंत्री बेबी देवी ने ट्वीट कर लिखा कि देवघर के विश्वस्तरीय श्रावणी मेले में तथा बैद्यनाथ मंदिर तक के कांवरिया पथ पर किसी प्रकार की मदिरा और शराब की बिक्री पर नहीं होगी। इस क्षेत्र में शराब की दुकानें बंद की रहेंगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को विशेषकर बहन- बेटियों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

# देवघर में सावन के पहले दिन एक लाख से ज्यादा कांवरियों ने उठाया जल

### अरघा से होगा जलाभिषेक, भक्तों के स्वागत के लिए तैयार बाबा नगरी

**देवघर।** महादेव के प्रिय सावन महीने की शुरूआत मंगलवार को गयी। देवघर बाबा नगरी में भक्तों का उत्साह नजर आने लगा है। यहां कांवरियों की भीड़ दिखने लगी है। सुल्तानगंज में पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा तट पर एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। बाबा अजगैवीनाथ मंदिर में भी हजारों श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। कई प्रदेश के कांवरिया गंगा जल लेकर बाबाधाम जाने के लिए सुल्तानगंज पहुंचे हैं। केसरिया वस्त्र धारी शिव भक्तों और बोल बम के जयकारे से सुल्तानगंज का



माहौल पूरी तरह बोल बम के रंग में रंग गया है। लगभग एक लाख कांवरिया ने गंगा जल लेकर बाबाधाम को प्रस्थान किया। कांवरियों के स्वागत के लिए हर जगह अस्थायी दुकान खुल चुकी हैं। जिला प्रशासन ने कांवरियों की सुख-सुविधा के लिए कई इंतजाम किये हैं। हालांकि, आनन-फानन की व्यवस्था से ही कांवरियों को संतुष्ट रहना पड़ेगा। प्रशासन ने हर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### दो पक्ष में सावन

सावन महीना का पहला पक्ष चार जुलाई से 16 जुलाई और दूसरा पक्ष 17 अगस्त से 31 अगस्त तक होगा। मलमास मेले में उत्तर-प्रदेश और मध्य प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहती है। यूपी के कांवरिए संगम घाट से जल लाकर लाकर बाबा को चढ़ाते हैं। इसलिए पिछले वर्ष की तुलना में इस बार दोगुना श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। कांवरियों की भीड़ को देखते हुए पंडा धर्मरक्षिणी सभा ने मलमास मेले में अरघा नहीं लगाने की मांग की है।

- शीघ्रदर्शन का सिस्टम बदला, महिलाओं की प्राइवेसी को ध्यान में रखते हुए बने फीडिंग रूम, श्रावणी मेले में शीघ्र दर्शन पास 250 की जगह 500 रुपये में मिलेगा। रविवार और सोमवार को व्यवस्था बंद रहेगी। अब शीघ्रदर्शनम कूपन के लिए पुरोहितों द्वारा बार-बार फॉर्म भरने की झंझट खत्म कर दी गई है।
- बुजुर्ग और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के निकास दरवाजे के समीप अरघा लगाया जाएगा। इसमें वे अपना बाबा पर अर्पित होते हुए स्क्रीन में देख सकेंगे।
- कतार में लगने वाले कांवरियों को अगर स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां होगी, तो उनके लिए इसीजी की व्यवस्था की है। नेहरू पार्क, क्यू कॉम्प्लेक्स व बाबा मंदिर ट्रामा सेंटर में डिजिटल ईसीजी मशीन उपलब्ध रहेगी। ईसीजी की रिपोर्ट ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के मोबाइल में आ जाएगी, इसके बाद डॉक्टर की सलाह पर इलाज की व्यवस्था होगी
- कतार में खड़े कांवरियों को उमस भरी गर्मी से बचाव के लिए नेहरू पार्क से लेकर मंदिर के संस्कार मंडप तक मिस्ट कूलिंग सिस्टम की व्यवस्था रहेगी। इससे पानी का फव्वारा नहीं, बल्कि फॉग निकलेगा, जो पूरे माहौल को ठंडा कर देगा।

### भाजपा ने झारखंड सहित चार राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्षों के नाम का किया ऐलान

# बाबूलाल को मिली झारखंड की कमान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं। उन्हें दीपक प्रकाश की जगह पर झारखंड की कमान सौंपी गयी है।

मिशन 2024 को लेकर भाजपा ने झारखंड में बड़ा बदलाव किया है। पार्टी ने बाबूलाल मरांडी को भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी सौंपकर पार्टी ने जता दिया है कि अगले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को उनके संगठन कौशल पर ही भरोसा है। इसके साथ ही राज्य में लंबे समय से अध्यक्ष को लेकर चल रहे कयास पर विराम लग गया है। 2024 के लोकसभा चुनावों को देखते हुए बाबूलाल मरांडी को मिली ये जिम्मेदारी काफी अहम मानी जा रही है।



बाबूलाल मरांडी झारखंड के वरिष्ठ नेता हैं। उनका जन्म जनवरी 1958 को गिरिडीह मे हुआ था। गिरिडीह कॉलेज से उन्होंने ग्रेजुएशन की डिग्री ली। उन्होंने एक साल तक प्राथमिक शिक्षक के रूप में काम किया। इसके बाद वो आरएसएस से जुड़े। साल 1983 में उन्हें संथाल परगना के विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री की जिम्मेदारी मिली।

**आदिवासियों को साधेगी बीजेपी :** बाबूलाल मरांडी आदिवासी समुदाय से आते हैं। आदिवासी समुदाय में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। राज्य में सबसे बड़ी आबादी आदिवासियों की है। बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर भाजपा आदिवासियों को साधने की फिराक में है।

**लोकसभा चुनाव पर फोकस :** बाबूलाल मरांडी को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बाबूलाल क्यों बनाये गये झारखंड भाजपा अध्यक्ष?

**-कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय सत्ता व पार्टी के हुक्मरानों व पदाधिकारियों के कई दिनी फुटकर कई -कई घंटे वाली बैठक, मंत्रणा, भोजन पर चर्चा के बाद बीते सोमवार को प्रगति मैदान के कन्वेंशन सेंटर में मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ 5 घंटे की बैठक हुई। उसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने चार राज्यों - पंजाब, झारखंड आंध्र प्रदेश व तेलंगाना के प्रदेश अध्यक्षों को बदल दिया।और भी बदलाव होने हैं। केन्द्रीय मंत्रिमंडल में भी कुछ को निकालने, कुछ नये को लाने की गुणा गणित चल रही है। इसे आगामी लोकसभा व विधान सभा चुनावों के मद्देनजर किया जाने वाली रणनीतिक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी नयी योजनाओं का शुभारंभ

# सीएम आज झारखंड को 206 नयी एंबुलेंस की देंगे सौगात



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पांच जुलाई को राज्य को 206 नयी एंबुलेंस की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी नयी योजनाओं का शुभारंभ और कई मोबाइल ऐप की लांचिंग करेंगे। साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नामकुम स्थित परिसर से मुख्यमंत्री हरी झंडी दिखाकर इन एंबुलेंस को रवाना करेंगे। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इन नयी एंबुलेंस की खरीद करीब साल भर पहले ही हो चुकी थी। तब से अब तक ये स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय में खड़ी थीं। इन नयी एंबुलेंस का उपयोग जल्द शुरू करने की मांग बजट सत्र के दौरान विधानसभा में भी उठायी गयी थी। नयी एंबुलेंस में बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम (बीएलएस) और एडवांस लाइफ स्पोर्ट सिस्टम (एएलएस) तो है ही, पहली बार नियोनेटल एंबुलेंस भी स्वास्थ्य विभाग को दी जा रही हैं। रांची सहित सभी जिलों के स्वास्थ्य विभाग के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री छह को झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद के साथ करेंगे बैठक

**रांची।** झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद की बैठक छह जुलाई को प्रोजेक्ट भवन सभागार में होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। बैठक में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री, जल संसाधन मंत्री, कृषि मंत्री, मुख्य सचिव और विकास आयुक्त सहित कई विभागों के सचिव व सभी प्रमंडल के आयुक्त शामिल होंगे। यह बैठक लंबे समय से नहीं हुई थी। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# गैंगस्टर सुजीत सिन्हा का एक गुर्गा रांची से गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने एनएच 98 फोरलेन निर्माण का कार्य कर रही शिवालया कंपनी के साइट पर पिछले दिनों हुई गोलीबारी मामले में संलिप्त गैंगस्टर सुजीत सिन्हा गिरोह के एक अपराधी को रांची से गिरफ्तार किया है। रांची के कांके चौक से पुलिस ने इस घटना में संलिप्त अपराधी जीशान शेख उर्फ रिक्की खान को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पलामू के एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने आज पत्रकारों को दी है। उन्होंने बताया कि जीशान ऊर्फ रिक्की खान गैंगस्टर सुजीत सिन्हा गिरोह के लिए काम करता है। उसी ने 28 जून को पिपरा थाना क्षेत्र के चपरवार गांव में शिवालया कंपनी के साइड पर शूटर को 20 हजार रुपये देकर गोली बारी करवाई थी। इस गोलीबारी की घटना में लेबर कॉन्ट्रैक्टर शिवजी दास के पैर में गोली लगी थी,जो बेहतर इलाज के बाद अभी स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि घटना के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम गठित की गई थी। इस दौरान विभिन्न माध्यमो से सुचना प्राप्त कर रांची से अपराधी रिक्की खान को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस घटना मे संलिप्त अन्य अपराधियों की तलाश पुलिस कर रही है। उन्होंने कहा कि जो भी अपराधी आपराधिक घटना को अंजाम दे रहे हैं उन्हें जल्द से जल्द गिरफ़्तार कर लिया जाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान आईपीएस ऋषभ गर्ग , पिपरा थाना प्रभारी अमित सिंह भी मौजूद थे।

### वज्रपात की चपेट में आने से दो बच्चों की हुई मौत, तीसरा गंभीर

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के मधवापुर उर्फ सियानी गांव में मंगलवार दोपहर तेज गर्जन के साथ हुई वज्रपात के दौरान आम चुनने गए तीन बच्चों में से दो की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों घायल बच्चों को अस्पताल ले जाया गया जहां 18 वर्षीया रंजु कुमारी पिता स्व. गोखुल महतो तथा सोमवार को अपने परिजनों के साथ नाना-नानी घर आए हजारीबाग जिला अंतर्गत गर्रीकला निवासी 11 वर्षीय रिंकु कुमार पिता अशोक कुर्मी को चिकित्सकों ने जांचोप्रांत मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सुरेश महतो की 12 वर्षीय पुत्री सुलेखा कुमारी का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में जहां करुण चीख-पुकार मच गई। वहीं स्थानीय मुखिया निलेश ज्ञासेन, सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा, ईश्वर दयाल पांडेय, सुभाष यादव, नीरज तिवारी, सुमन भारतीय, उदय पांडेय, महेंद्र महतो आदि ने परिजनों को सांत्वना देते हुए दुःख व्यक्त किया। वहीं पूछे जाने पर बीडीओ रंथु महतो व अंचल अधिकारी विजय दास ने बताया कि पीड़ित परिजनों को प्राकृतिक आपदा राहत कोष से अविलंब समुचित सहायता मुहैया कराया जाएगा।

### सीएम ने दिया इंदिरा आवास योजनाओं में गबन के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश

# प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य हैं गबन के आरोपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने इंदिरा आवास योजनाओं में सरकारी राशि गबन करने वाले अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मंजूरी दे दी है। गिरिडीह के धनवार प्रखंड के तत्कालीन बीडीओ मोहन लाल मरांडी समेत अन्य के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति का आदेश दिया है। इनके खिलाफ अनियमितता एवं सरकारी राशि गबन करने के आरोप हैं। गिरिडीह जिला अन्तर्गत धनवार थाना कांड संख्या-190/2012 दिनांक 21 जुलाई, 2012 के अभियुक्त मोहन लाल मरांडी, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी धनवार प्रखंड के विरुद्ध भारतीय दंड विधान, 1860 की धारा 406/409/420/467/468/471/120 बी के तहत अभियोजन की स्वीकृति दी है। **यह है मामला :** जांच प्रतिवेदन एवं कांड में अब तक के अनुसंधान से सभी अभियुक्तों द्वारा षड़यंत्र के तहत इंदिरा आवास से संबंधित कई गंभीर त्रुटियां एवं विभागीय दिशा-निदेर्शों की अवहेलना पाई गई। जैसे- इंदिरा आवास के आवंटन एवं उसके भुगतान में प्रखण्ड कार्यालय में ही एक सुगठित गिरोह का कार्यरत होना, जो गरीब लोगों के नाम पर स्वीकृत इंदिरा आवास योजनाओं की राशि का गबन सुनियोजित ढंग से कर रहे थे। इस क्रम में विभागीय दिशा-निदेर्शों की अनदेखी एवं अवहेलना की गयी ताकि सरकारी राशि का गबन किया जा सके। जानबूझ कर अकाउंट पेई चेकों को बीयरर चेक बनाते हुए बिचौलिया उक्त राशि की निकासी अपने सुविधानुसार कर रहे थे तथा इंदिरा आवास योजना मार्गदर्शिका का अनुपालन नहीं किया गया।

### क्या कहना था गुरु गोलवलकर का हिंदू कोड बिल व समान नागरिक संहिता पर

# आरएसएस सरसंघचालक का मानना था कि भारत में हमेशा से विविधताएं हैं व एकता के लिए एकरूपता नहीं

**-आरएनएम**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किए जाने की जरूरत बता रहे हैं। इसको लेकर बहस छिड़ गई है। लेकिन बहुतों को यह यह जानकर अचरज होगा कि संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर इसके विरूद्ध थे। उन्होंने अंग्रेजी अखबार मदरलैंड के संपादक केआर मलकानी से 23 अगस्त 1972 को दिल्ली में हुई बातचीत में समान नागरिक संहिता पर विस्तार से अपनी बात रखी थी। इसका ब्योरा श्री गुरुजी समग्र के नौवें खंड मिलता है, जो गोलवलकर के पत्रों, साक्षात्कारों और बातचीत का संकलन है। गुरु गोलवलकर से केआर मलकानी सवाल करते हैं कि क्या आप राष्ट्रीय भावना को बढ़ाने के लिए समान नागरिक संहिता को आवश्यक नहीं मानते? इस पर गुरु गोलवलकर कहते हैं- मैं बिल्कुल नहीं मानता। इससे आपको या बहुतों को आश्चर्य हो सकता है, परंतु मेरा मानना है कि जो सत्य मुझे दिखाई देता है वह मुझे कहना ही चाहिए। इस पर मलकानी पूछते हैं कि क्या आप नहीं मानते कि देश में एकरूपता जरूरी है? जवाब में गोलवलकर कहते हैं- समरसता और एकरूपता दो अलग-अलग बातें हैं। एकरूपता जरूरी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### गुरुजी समग्र में समान नागरिक संहिता पर एमएस गोलवलकर के विचार

इस पर गोलवलकर कहते हैं कि किसी वर्ग, जाति अथवा संप्रदाय द्वारा अपना अस्तित्व बनाए रखने से मेरा तब तक कोई झगड़ा नहीं है, जब तक इस प्रकार का अस्तित्व राष्ट्रभक्ति की भावना से दूर हटने का कारण नहीं बने। मेरे मत से कुछ लोग समान नागरिक संहिता की आवश्यकता इसलिए महसूस करते हैं कि उनके विचार में मुसलमानों को चार शादियां करने का अधिकार है ,और इसी के चलते उनकी आबादी में असंतुलित वृद्धि हो रही है। लेकिन मुझे डर है कि समस्या के प्रति सोचने का यह दृष्टिकोण ठीक नहीं है। वास्तविक समस्या तो यह है कि हिंदू और मुसलमानों के बीच भाईचारा नहीं है। धर्मनिरपेक्ष कहलाने वाले लोग भी मुसलमानों को अलग नजरिये से देखते हैं। गोलवलकर आगे कहते हैं कि जब तक मुसलमान इस देश को, यहां की संस्कृति से प्यार करते हैं उनका अपनी जीवन पद्धति के अनुसार चलना स्वागत योग्य है। मेरा निश्चित मत है कि मुसलमानों को राजनीति खेलने वालों ने खराब किया है। कांग्रेस है,

### हिंदू कोड बिल भी अनावश्यक

इस पर गुरु गोलवलकर जवाब देते हैं, मैं निश्चित रूप से मानता हूं कि हिंदू कोड बिल राष्ट्रीय एकता और एकसूत्रता की दृष्टि से पूर्णतः अनावश्यक है। सालों से अपने यहां अनेक संहिताएं रही हैं, लेकिन उनकी वजह से कोई नुकसान नहीं हुआ है। अभी अभी तक केरल में मातृसत्तात्मक पद्धति थी, उसमें कौन सी बुराई थी? स्थानीय रीति-रिवाजों या संहिताओं को सभी समाज द्वारा मान्यता प्रदान की गई है।

### फिर समान दंड विधान क्यों जरूरी?

समान नागरिक संहिता जरूरी नहीं है तो फिर समान दंड विधान की क्या आवश्यकता है? इस सवाल पर गुरु गोलवलकर कहते हैं कि दोनों में अंतर है। नागरिक संहिता का संबंध व्यक्ति एवं उसके परिवार से है। जबकि दंड विधान का संबंध न्याय व्यवस्था तथा अन्य बातों से है। उसका संबंध न केवल व्यक्ति से बल्कि वृहद रूप से समाज से भी संबंधित है।

# हाई कोर्ट ने राहुल गांधी को सशरीर हाजिर होने से छूट दी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट में मंगलवार को मोदी सरनेम को लेकर मानहानि से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने एमएलए-एमपी कोर्ट की ओर से उनकी याचिका खारिज किए जाने को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने राहुल गांधी को हाजिर होने से छूट दे दी है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 16 अगस्त निर्धारित की है। दरअसल, मोदी सरनेम वालों पर की गई टिप्पणी के मामले में प्रदीप मोदी की ओर से रांची सिविल कोर्ट में एक शिकायतवाद दर्ज कराया गया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसी मानहानि से जुड़े मामले में रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट में सीआरपीसी की धारा 205 के तहत एक याचिका दायर करके व्यक्तिगत हाजिर होने से छूट मांगी थी। इस याचिका में राहुल गांधी ने कहा था कि इस मामले में कार्यवाही के दौरान उन्हें



उपस्थिति से छूट देते हुए अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होने की अनुमति दी जाए। इसे एमपी-एमएलए कोर्ट ने 3 मई को खारिज करते हुए राहुल गांधी को इस मामले में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया था। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को मंगलवार को रांची के एमएलए-एमपी कोर्ट की जज अनामिका किस्कू की कोर्ट में उपस्थित होना था। इस संबंध में राहुल गांधी के अधिवक्ता ने कोर्ट को मौखिक रूप से जानकारी दी है कि यह मामला हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए लगा हुआ था, जिसमें हाई कोर्ट ने राहुल गांधी को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने से छूट दी है।

## NEWS इन ब्रीफ

### कृषि खरीफ कार्यशाला का आयोजन

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रखंड विकास पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर विशेष रूप से मौजूद थे। इसमें प्रशिक्षक बीटीएम यूसुफ आजाद ने कृषि से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। जिसमें खरीफ फसल से संबंधित मोटे अनाज (मारूवा व बाजरा), मक्का, धान, अरहर की बुआई पर चर्चा की गई। किसानों को लाइन शोइंग से खेती करने की सलाह दी गई। इसके साथ-साथ केंद्र एवं राज्य प्रायोजित महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। किसान सम्मान निधि योजना, पीएम झारखंड ऋण माफी योजना, पीएमकेवीवाई, केसीसी, पीएम कुसुम योजना के बारे में जानकारी दी गई।

### विद्यार्थियों को किया जल संरक्षण के प्रति जागरूक

पांकी। पांकी प्रखंड के तेतराई स्थित अंबेडकर उच्च विद्यालय में मंगलवार की दोपहर नेहरू युवा केंद्र पलामू के द्वारा चलाए जा रहे कैच द रेन कार्यक्रम अंतर्गत उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही जल संरक्षण पर निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित कर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार, मुखिया राजेंद्र पांडे सहित विद्यालय के सभी कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों के संबोधन में मुखिया राजेंद्र पांडे ने बताया कि धरती पर जीवन के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए जल का संरक्षण और बचाव बेहद जरूरी होता है, क्योंकि बिना जलके जीवन ही संभव नहीं है। उन्होंने सभी लोगों से जल का सदुपयोग व वर्षा जल को संग्रहण करने की अपील की।

### आरआरएम संगीत प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर के बभांडी रोड में आरआरएम संगीत शिक्षा केंद्र का उद्घाटन सोमवार को प्रोपराइटर रुपेश रंजन मिश्रा के द्वारा सरस्वती माँ के प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वालित कर किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि ऐसे संगीत शिक्षा केंद्र को खोले जाने से यहां के कलाकारों में हर्ष की बात है। अब हैदरनगर से भी प्रतिभाओ को निखारने के कार्य इस संस्थान के द्वारा किया जायेगा।

### विद्युत कर्मियों पर लापरवाही का आरोप

# करंट से गाय की मौत

**कई बार विभाग को नंगा तार समेटकर ले जाने को कहा गया, लेकिन कर्मी अनदेखा करते थें : बालमुकुंद**

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा में विद्युत तार के संपर्क में आने से एक दुधारू गाय की मौत हो गई। पशुपालक ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। साथ हीं कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण उसके गाय की मौत हुई है। गाय मालिक बालमुकुंद तिवारी ने बताया कि धनकाई नाला के दुसरे किनारे एक घर है। जहां बांस के सहारे विद्युत तार ले जाया गया था। मंगलवार की दोपहर में जमीन पर बांस व नंगी तार गिरी हुई थी। जिसके संपर्क में आने से गाय की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि गाय लगभग 8 लीटर दूध देती थी। विभाग के कर्मियों की लापरवाही के कारण हीं गाय की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि कई बार विभाग को नंगा तार समेटकर ले जाने को कहा था। लेकिन विभाग के कर्मी अनदेखा करते थे। जिसके परिणाम स्वरूप विद्युत तार के संपर्क में आने से गाय की मौत हो गई।



# पंचायत सचिवालय के प्रथम तल्ला भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रयास से भवन निर्माण मद से करीब 16 लाख की लागत से बनने वाले प्रखंड के भजनिया पंचायत सचिवालय के प्रथम तल्ला भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ मंगलवार को जिला पार्षद अंजू देवी के पुत्र युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह,मुखिया सोनी देवी,पंसस लक्ष्मी देवी और 20 सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान ने नारियल फोड़कर किया। मौके पर युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने कहा कि पंचायत सचिवालय के भवन विस्तार से पंचायत सम्बंधित सभी विभागों के कार्यालय संचालित होगा, आम लोगो को पंचायत सम्बंधित कार्य के लिए काफी सहूलियत होगा। इस मौके पर 20 सूत्री सदस्य रामबालक गुप्ता, मनीष सिंह, मुन्ना सिंह, संजय सिंह गांधी, विश्वनाथ चौधरी, मनई साव, डॉ असलम, काशी पांडेय, नागेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### दिल का दौरा पड़ने से शिक्षक की मौत

**नावाबाजार।** कांडी प्रखंड के ग्राम सोहगाड़ा निवासी सूर्यदेव बैठा जो गढ़वा जिला रंका प्रखंड के मधगड़ी में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। दिल की दौरा पड़ने 3 जुलाई 2023 को उनकी निधन हो गया। पुत्र के इंतजार में आज 4 जुलाई 2023 को उनका दाह संस्कार किया गया। यह खबर सुनकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी उनके घर पहुंचे। मृतक सूर्य देव बैठा के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं उनकी आत्मा को शांति के लिए भगवान से प्रार्थना भी की। गौतलब है कि सूर्यदेव बैठा ललित बैठा के सहोदर भाई थे इस दुख की घड़ी में डॉ चंद्रवंशी ने उनके परिजनों को ढांढस बंधने का काम किया।

# सर्प दंश से किशोरी की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र के लुरीखुरी-लकडही गांव के एक किशोरी की मौत मंगलवार की सुबह सर्फ दंश से हो गयी। जानकारी के अनुसार रेहला थाना क्षेत्र के लुरीखुरी-लकडही गांव निवासी रद्दू राम की 14 वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी गाय के बछड़े को चारा हेतु बांधने घर से कुछ ही दूरी पर खेत मे गयी थी। तभी अचानक एक विषैले सर्प ने उसे काट लिया। परिजन उसे इलाज हेतु विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे। लेकिन किशोरी ने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। इधर मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं अजित कुमार, बिरजू राम मुन्ना राम, शम्भू राम, विश्वनाथ राम सहित कई ग्रामीणों ने किशोरी के दाह संस्कार में काफी सहयोग किया।

# हार्डकोर इनामी नक्सलियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र के झरना पहाड़ के निकट पिपरा-छतरपुर रोड़ में सोमवार को प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादीयों के द्वारा लगाये गये दो लैंडमाइंस बरामद होने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पिपरा थाना के एसआई पिनियस मुंडा द्वारा दर्ज कराई गयी प्राथमिकी में शीर्ष नक्सली संजय यादव उर्फ गोदराम, नीतीश यादव, रमन तथा राजेंद्र को नामजद अभियुक्त के अलावे 6 अज्ञात माओवादियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। गौरतबल है कि पुलिस द्वारा चलाये जा रहे सर्च अभियान में उक्त स्थान से केन बम तथा एक सिलेंडर बम बरामद किया गया था। जिसे बम निरोधक दस्ता ने पहुंच कर डिफ्यूज कर दिया था। लैंडमाइंस का मिलना पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। प्रभारी थाना प्रभारी अभय आनंद ने बताया कि एसआइ पीनियत मुंडा के द्वारा इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। पूरे मामले में छानबीन की जा रही है, और संभावित क्षेत्र में माओवादियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

## एक दिवसीय बागवानी सखी प्रशिक्षण संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत प्रतिनिधियों का एक दिवसीय बागवानी सखी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जेएसएलपीएस के प्रशिक्षकों द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों को बागवानी सखी,जल जीवन मिशन सह स्वच्छता के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में जल की महत्ता और उसकी बबार्दी रोकने पर भी जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई। बागवानी लगाने व जल संचय हेतु पंचायत प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिया गया। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने पंचायत प्रतिनिधियों से बागवानी लगाने हेतु आम लोगों को जागरूक करने का आह्वाहन किया। शिविर में बीपीएम संतोष कुमार, एफटीसी राजेश्वर राम, रोजगार सेवक मनोज चौबे, पंचायत सचिव मुकेश राम, एलसीआरपी दुर्गेश राम, बीआरपी प्रभा देवी सहित सहित कई पंचायत प्रतिनिधि व प्रखंड कर्मी मौजूद थे।



### मूकदर्शक बने हैं जनप्रतिनिधि

# ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों पर अतिक्रमण, कोई सुध लेने वाला नहीं

**लोग अपने जानवर रास्ते पर ही बांधते हैं, जिससे रास्ते पर काफी गंदगी नजर आती है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** पलामू जिले के अधिकतर ग्रामीण क्षेत्र में बसने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी रास्ता को लोग अतिक्रमण कर बैठे हैं, जिससे ग्राम में रहने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विश्रामपुर प्रखंड पंचायत भंडार का ग्रामीण रास्ता काफी संकीर्ण हो गया है लोगों के द्वारा रास्ता पर ही अपने घर का पानी निकालने की आदत पड़ गयी है। लोग अपना जानवर रास्ते पर ही बांधते हैं, जिससे रास्ते पर काफी गंदगी नजर आती है, स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से मच्छर बुखार में काफी बढ़ोतरी होती है एवं मलेरिया फैलने का डर रहता है। किसी तरह से इस रास्ते पर लोग आते जाते नजर आते हैं। ऐसे में देखा जाए जो सरकार के द्वारा चुने जाने वाले जनप्रतिनिधि जो ग्रामीण क्षेत्र के लिए विकास के लिए चुने जाते हैं वह मूकदर्शक बन बैठे हैं । बस उन्हें सरकारी मद से आए हुए पैसे का जरूरत है। भांडार पंचायत में ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा कुछ दिन पहले अच्छी खासी सरकारी रकम से रोड का निर्माण कराया गया था पर बरसात आने पर रोड पानी से भर गया है। ऐसे में ग्रामीण रास्ता अतिक्रमण मुक्त कराना बहुत ही जरूरी है, जिससे ग्राम में शुद्ध स्वच्छता रहे, रोग ना फैले। प्रखंड विकास पदाधिकारी को चाहिए ऐसे ग्रामों को चिन्हित कर न्याय संगत कार्रवाई करें।



### बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई से जनता बेहाल : बिट्टू

**सतबरवा।** सदर प्रखंड के झाबर में मंगलवार को कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र तिवारी की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक एवं विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रभारी अरविंद पासवान व सौरभ तिवारी उपस्थित थे । बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए। जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर ही लोकसभा एवं सभी विधानसभा में कांग्रेस पार्टी का परचम लहरायेगा। लक्ष्य 2024 को लेकर कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का यह परिणाम है कि युवा, बुजुर्ग महिला हो या किसान सभी लोगों का रुझान कांग्रेस के प्रति बढा है। अब देश की जनता समझ चुकी है कि कांग्रेस के नेतृत्व में ही देश का संविधान और लोकतंत्र बचाकर , नफरत को खत्म किया जा सकता है।

### खेत में नंगे तार लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय थाना की पुलिस ने भजनियां पंचायत के पोटो गांव में खेत के बाड़े में अवैध तरीके से विद्युत करंट प्रवाहित नंगे तार लगाने वाले आरोपी प्रमोद मेहता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में मृतिका ममता कुमारी की मां गुंजन देवी के बयान पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। जिसमें कहा गया है कि उनकी बेटी की उसी जगह करंट लगने से मौत हो गई है। उनकी बेटी सोमवार की सुबह खेत की ओर गई थी। एफआईआर में गुंजन देवी ने आरोप लगाया है कि प्रमोद मेहता ने मकई के खेत के बाड़े में तीन तरफ से जान बूझकर करंट प्रवाहित नंगे तार लगा रखा था। जिसकी जानकारी अगल-बगल के किसी को नहीं थी। उन्होंने बेटी की मौत का जिम्मेवार प्रमोद मेहता को ही ठहराया है। पुलिस ने इस मामले में आईपीसी की धारा 304 के तहत मामला दर्ज किया है।

### पूर्व मुख्यमंत्री के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

**हुसैनाबाद।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री व भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को भारतीय जनता पार्टी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर हुसैनाबाद भाजपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। नेताओं ने कहा कि हम सबों को पूर्ण विश्वास है कि एक कुशल मार्गदर्शन व संगठनकर्ता के रूप में वे पार्टी को एक नई ऊंचाई पर लेकर जायेंगे। इनके नेतृत्व में पार्टी की सांगठनिक मजबूती बढ़ेगी। बधाई देने वालों में वरिष्ट भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, अशोक कुमार सिंह, बिनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, संतोष कुमार सिंह, अजय प्रसाद गुप्ता, उदय विश्वकर्मा, श्रवण अग्रवाल, अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान, रामराज मेहता, छोटू सिंह, अमित कश्यप, बिट्टू कश्यप, राजेश कर्ण, सुबोध कश्यप, सुनील गुप्ता, प्रशांत सिंह, मनीष कश्यप, टिंकू तिवारी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता का नाम शामिल है।

**विधायक व पूर्व सांसद ने दी बधाई :** छतरपुर पाटन विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार ने भी झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई दी है ।विधायक के साथ साथ पाटन के बीजेपी कार्यकताओं ने भी बधाई दी है। बधाई देने में पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह,जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान, कार्य समिति सदस्य श्याम देव सिंह, वशिष्ठ पांडे, अशोक तिवारी, धीरेंद्र सिंह, प्रदीप चंद्रवंशी, आनंद सिंह, उमाशंकर सिंह, पिंकी विश्वकर्मा सुजाता सिंह सुमित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हैं। **वहीं विश्रामपुर।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जिला पार्षद विजय रविदास ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि श्री मरांडी में संगठन चलाने की कुशलता है। कार्यकताओं से सीधा संवाद स्थापित करते रहना उनकी विशेष क्षमता है। इसके अलावा उनका लंबा अनुभव भी पार्टी के लिए लाभकारी साबित होगा। उनके नेतृत्व में भाजपा झारखंड में और मजबूत होगी। रविदास ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया।

**Office of Collectorate, Gumla Jharkhand**
District Development Office, Gumla
(EOI Document)

Ref no.: - 649 Date: - 28-06-2023

**EXPRESSION OF INTEREST FOR: - Selection of Agency for Operation of Mobile Medical Unit as primary healthcare model in the remote areas of Gumla district**

| SL. NO | INFORMATION/SUBJECT | DETAIL |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | NAME OF WORK | Selection of Agency for Operation of Healthcare-on-wheelsMobile Medical Unit as primary healthcare model in the remote areas of Gumla district |
| 02 | DATE OF PUBLICATION OF BID | 03-07-2023 |
| 03 | EARNEST MONEY TO BE DEPOSITED | 100000/- One lakh rupee only- in the from of DD (Valid for at last 3 month from the last date of submission of the bid) in favor of Deputy Devlopment Commissioner Gumla |
| 04 | LAST DATE & TIME FOR BID SUBMISSION | 13-07-2023 |
| 05 | BID SUBMMISSON PLACE | Vikas Shakha, Gumla |
| 06 | DATE AND TIME FOR BID OPENING | 13-07-2023 |
| 07 | BID OPENING PLACE | Vikas Bhawan, Vikas Shakha, Gumla |
| 08 | HELPLINE NO. AND EMAIL ADDRESS | drdagumla2014@gmail.com |

NOTE: - FOR FURTHER DETAIL PLEASE VISIT www.gumla.nic.in

PR 301333 (Rural Development) 23-24 (D)

Deputy Commissioner cum District Magistrate, Gumla

**न्याय सदन**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा व्यवहार न्यायालय, चतरा**

**सर्वसाधारण को सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार दिनांक 01.07.2023 से दिनांक 30.09.2023 तक पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा (व्यवहार न्यायालय, चतरा) द्वारा "Special Mediation Drive" का आयोजन किया गया है जिसमें निम्नलिखित मामलों का मध्यस्थता किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1.Maintenance inchiding Interim Maintenance Matters | 8. Electricity Act matters |
| 2. Road Accident Claim including Interim Relief Matters u/s 160 M.V. Act. | 9. Excise Act matters |
| 3. Cheque Bounce matters | 10. Factories Act matters |
| 4. Suitable matter under Criminal Minor Acts. | 11. Weight &Measurement matters |
| 5. Criminal Compoundable Cases (IPC) | 12. Mines and Mineral Act matters |
| 6. D.V. Act Cases | 13. Forest Act matters |
| 7. 498 (A) IPC Cases | 14. Railways Act matters |
| | 15. Others suitable matters |

"Special Mediation Drive" दिनांक 01.07.2023 से दिनांक 30.09.2023 तक नियमित रूप से प्रत्येक कार्य दिवस को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा कार्यालय में आयोजित कि जायेगी / जा रही है तदनुसार "Special Mediation Drive" में सभी पक्षकारगण उपस्थिति होकर अपने–अपने वादो को मध्यस्थता कर निष्पादन करायें।
अतः निवेदन है कि निर्देशीत माध्यम से उपस्थित होकर अपने–अपने मामलों का मध्यस्थता करा कर इस अवसर का पूर्ण लाभ उठायें।

पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा। | उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा। | प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह–अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार,चतरा

नोटः– इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर 10:30 बजे पूर्वाह्न से कार्य समाप्ति तक चतरा, सिविल कोर्ट में अवस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

प्रभारी सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,चतरा

PR 301346 (Law)23-24*D

**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER-CUM-DISTRICT MAGISTRATE, PALAMU**
(District Development Section)
Phone No.: 06562-224433 Email: ddc-pal@nic.in

**Tender Reference No: Date:**

Expression of Interest for Supply of Utensils for Anganwadi Centers, Palamu, Jharkhand.

| Sl. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Expression of Interest for supply of Utensils for Anganwadi Centers, Palamu, Jharkhand |
| 2 | Period of Work | 60 Days |
| 3 | Date of Publication of Bid onWebsite | 04-07-2023 |
| 4 | Tender Cost/ Document Fee | Rs 20,000/- (In the form of DD) in favour of DMFT, Palamu, Payable at Palamu (Non-Refundable) |
| 5 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 1,00,000/- in the form of DD (Valid for at least 6 months from the last date of submission of the bid) duly pledged infavour of DMFT, Palamu, Jharkhand |
| 6 | Last date and time of receipt of Bid | Date: 12-07-23 Time: 2 PM |
| 7 | Date and time of opening of Bid | Date:12-07-23 Time: 4 PM |
| 8 | Bid submission Place | Collectorate Building, District Development Section, Block-C, First Floor |
| 9 | Bid Opening Place | Collectorate Building, Meeting Hall, Block-A, First Floor |

PR 301343 (Palamu) 23-24 (D)

Deputy Commissioner, Palamu

**कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार**
**(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना वर्ष 2022–23 हेतु ऑनलाईन आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना 2022–23 के लिए झारखण्ड राज्य एवं राज्य से बाहर नामांकन लेने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु पूर्व से निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार तिथि का विस्तारण किया गया है :–

❖ ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के अन्दर) :–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | ई0कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक सत्र– 2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि। | 25.07.2023 |
| 2 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 02.08.2023 |

❖ ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के बाहर) :–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | ई0कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि। | 07.07.2023 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र– 2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि। | 25.07.2023 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 02.08.2023 |

नोट :–
- अन्य दिशा–निर्देश पर्वू में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार (Website- ekalyan.cgg.gov.in) पर उपलब्ध है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार

PR 301314Welfare(23-24)#D

**झारखण्ड सरकार**
**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**न्यायालय :– प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा**

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वाहन एवं वन पदार्थ पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्षों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित सुनवाई की तिथि 22.07.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वाहन एवं वन पदार्थ तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ एवं अन्य सामग्री | अभियुक्त का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 18/2023 | (1) सेमल चौपहल–30 पीस (8 फीट x 4 इंच x 2 इंच) एवं (2) गिजन का चौपहल–10 पीस (8 फीट x 3 इंच x 1.5 इंच) | अज्ञात | |
| 2. | 20/2023 | (1) छिला हुआ खैर बोटा–200 CFT एवं (2) बिना छिला हुआ खैर बोटा–100 CFT, कुल–300 CFT | संजय एवं अन्य | |
| 3. | 22/2023 | (1) Powertrac Tractor नीले रंग का ट्राली सहित, चेचिस/इंजन नं0–T9920001008H–01 पीस, (2) गम्हार बोटा–14 पीस (8 फीट 3 इंच x 21 इंच–7 पीस; 8 फीट 6 इंच x 32 इंच–04 पीस; 7 फीट 4 इंच x 40 इंच–02 पीस एवं 4 फीट 8 इंच x 35 इंच–1 पीस) एवं (3) गम्हार जलावन–10 CFT | अज्ञात | |

प्राधिकृत पदाधिकारी
–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल

PR301383 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D

**NEWS इन ब्रीफ**

## पुलिस ने अपराधियों के घर चिपकाया इश्तेहार

**मोहम्मदगंज।** एएसआई मुरारी दास ने थाना प्रभारी अक्षय कुमार के निर्देशानुसार मंगलवार को मोहम्मदगंज सिंचाई कॉलोनी निवासी विभिन्न आपराधिक मामलों के फरार अभियुक्तों गुड्डु डोम पिता रामवृक्ष डोम, उपेंद्र डोम पिता का नाम स्व. गनौरी राम के घरों पर इस्तेहार चिपकाया है। उन्होंने परिजनों को इन अभियुक्तों को न्यायालय में हाजिर कराने की हिदायत देते हुए ऐसा नहीं करने पर आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

# जंतु जगत के जीवन का आधार है पेड़ पौधे : अमरजीत कौर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब आफ डालटनगंज, फेमिना व लियो क्लब ने संयुक्त रूप से गांधी मैदान में पौधारोपण किया। मौके पर लायंस क्लब के सचिव संजय कुमार पाठक ने कहा कि मानव सहित जंतु जगत के लिए पेड़ पौधे जरूरी है। पेड़-पौधे नहीं होंगे तो मनुष्य का जीवित रहना संभव नहीं। उन्होंने कहा कि आज जो पौधारोपण किया है, वह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए तोहफा होगा, क्योंकि ये पेड़ पौधे बड़े होकर सदियों तक सभी को जीवन के रूप में ऑक्सीजन देते रहेंगे। उन्होंने लोगों से अपील किया कि वे हर माह में एक पौधा जरूर लगाएं और उसको बचाएं। सचिव अमरजीत कौर ने कहा कि पेड़ पौधे मनुष्य के जीवन का आधार हैं। स्वस्थ शरीर के लिए पेड़ पौधों का होना अति आवश्यक है। साथ ही पलामू वासियों से पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष आलोक माथुर, उपाध्यक्ष रीतेश कुमार, संयुक्त सचिव अनवर हुसैन, नवीन कुमार, संजय कुमार, प्रभात अग्रवाल, फेमिना के अध्यक्ष रेखा शर्मा, सचिव डाली सिंह, बिंदु तुलस्यान, राजलक्ष्मी वर्मा, उमा केजरीवाल, आभा केजरीवाल, लियो क्लब के अध्यक्ष मेहर सिंह, सचिव साहेब सिंह आदि मौजूद थे।



# बाइक दुर्घटना में पति-पत्नी व 5 वर्षीय बच्ची घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेडमा निवासी धर्मेंद्र कुमार सुधांशु अपनी पत्नी और बच्ची के साथ बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र कुमार सुधांशु अपने पत्नी रेशमी देवी और 5 साल की पुत्री प्रज्ञा कुमारी के साथ मंगलवार की सुबह बाइक पर सवार होकर लातेहार जिले के बरवाडीह अपने किसी रिश्तेदार के घर जा रहे थे। तभी सदर थाना क्षेत्र के दुबियाखाड़ के पास बाइक से अनियंत्रित होकर गिर पड़े। जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा तीनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।



## वाईजेके फेडरेशन स्टूडेंट्स ने जीएलए कॉलेज में लगाया हेल्पडेस्क

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जीएलए कॉलेज में चल रहें सेमेस्टर 5 में नामांकन को देखते हुए हेल्पडेस्क लगा कर विद्यार्थियों की सहायता की। श्रवण सिंह ने कहा कि हमारे संगठन द्वारा कॉलेज में सेमेस्टर 5 में नामांकन के समय को देखते हुए हेल्पडेस्क लगाया गया ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। विकाश मेहता ने कहा कि वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन छात्र हित में सदैव तत्पर रहा है और आगे भी इसी तरह तत्पर रहेगा और विद्यार्थियों के लिए आवाज बुलंद करता रहेगा।

# तीन वर्षीय बच्चा पेट के ऑपरेशन होने के बाद टीबी रोग से ग्रसित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरी निवासी मजदूर छोटू भुइयां का तीन वर्षीय पुत्र पेट के ऑपरेशन होने के बाद अब टीबी की बीमारी से जूझ रहा है। इस संबंध में मजदूर छोटू भुइयां की दिव्यांग पत्नी गीता देवी ने बताया कि कुछ दिन पहले उसके पुत्र को अचानक पेट में दर्द हुआ। दर्द होने के पश्चात वह अपने बच्चे को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर पहुंची थी। अस्पताल में चिकित्सकों ने बच्चे को देखने के बाद बताया कि पेट में इंफेक्शन है, चिकित्सकों ने उसे तुरंत बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स ले जाने की सलाह दी। रांची रिम्स ले जाने की बात सुनकर गीता अस्पताल में ही रोने लगी। तभी एक पत्रकार वहां पहुंचा और उसे रोते देख उसकी समस्या को जाना। गीता ने अपने समस्या को बताते हुए कहा कि डॉक्टर ने हमारे बच्चे को अभी तुरंत रिम्स ले जाने की सलाह दी है। रिम्स ले जाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं हो रही है,उसने कहा की 108 एंबुलेंस पर भी फोन लगाया। परंतु उस कोई भी 108 एंबुलेंस खाली नहीं है सभी एंबुलेंस व्यस्त है। उसकी समस्या को सुनकर पत्रकार ने सीएस को फोन लगाकर गीता के समस्या से अवगत कराया। समस्या को सुनते ही सिविल सर्जन अशोक कुमार ने सदर अस्पताल एंबुलेंस भेज कर बच्चे को रांची रिम्स भेजवाया। रांची में ऑपरेशन के द्वारा बच्चा अब सही सलामत है परंतु ऑपरेशन के दौरान ही डॉक्टरों ने गीता को बताया कि उसके बच्चे को टीवी की बीमारी हो गया है। और इसका इलाज चलना अति आवश्यक है। गीता इस बात से काफी हैरान और परेशान है। जानकारी के अनुसार गीता के पति छोटू भुइयां बाहर में मजदूरी का काम करते हैं और कम मजदूरी मिलने के कारण पूरा परिवार आर्थिक तंगी का जीवन जी रहा है।

### गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई

# बैट्री चोरी के आरोप में चार गिरफ्तार



### कांड में गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** चैनपुर थाना की पुलिस ने मंगलवार को बैट्री चोरी के आरोप में 4 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार दुबे ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बुढीवीर टोला बेलवादामर स्थित अकीम मियां पै० जमायत मिया के मुर्गी फार्म में चोरी की गई बैट्री है। इस बात की सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एक छापामारी दल का गठन किया गया तथा अकीम मियां के मुर्गी फार्म से दो बैट्री बरामद की गयी तथा अकीम मियां को गिरफ्तार किया गया। अकीम मियां की निशानदेही पर तीन और अन्य लोगो को गिरफ्तार किया गया एवं तीन बैट्री बरामद की गयी। कांड में गिरफ्तार अभियुक्तो को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। छापामारी अभियान में चैनपुर थाना प्रभारी रूपश कुमार दुबे, सुधीर कुमार व सशस्त्र बल शामिल थे।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम

गिरफ्तार अभियुक्त के नाम इस प्रकार हैं। अकीम मियां उर्फ बिटन मियां उम्र करीब 55 वर्ष पे0 जमायत मियां सा० बुढ़ीवीर टोला बेलवादामर थाना चैनपुर जिला पलामू । इन्शाल खान उम्र करीब 22 वर्ष पे0 परम खान सा० + थाना पलीरा जिला टीकमगढ़ (म०प्र०) । अब्दुल अंसारी उम्र करीब 25 वर्ष पे० आमिर खान सा० + थाना + जिला टीकमगढ़ (म०प्र०)। गुलशेर अंसारी उम्र करीब 22 वर्ष पे0 सफीक अंसारी सा० बुढ़ीवीर टोला बेलवादामर थाना चैनपुर जिला पलामू का नाम शामिल है। गिरफ्तार चारों व्यक्तियों के पास से पुलिस ने पांच बैट्री बरामद की है।



झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के तत्वावधान में **माननीय मुख्यमंत्री** के कर कमलों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ

मुख्य अतिथि
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
**श्री बन्ना गुप्ता**
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

सम्मानित अतिथि
श्री संजय सेठ
माननीय सांसद, लोकसभा क्षेत्र, रांची
श्री राजेश कच्छप
माननीय विधायक, खिजरी विधानसभा क्षेत्र

**कार्यक्रम**

**206 एम्बुलेंस का लोकार्पण एवं 38 नव नियुक्त दन्त चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरण**


सहित

- रिजनल ब्लड ट्रान्समिशन सेंटर, नागरमल मोदी सेवा सदन का उद्घाटन।
- ब्लड स्टोरेज केन्द्रों का उद्घाटन।
- 5 MMU के संचालन एवं अन्य चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में Smile Foundation के साथ MOU.
- ममता वाहन ऐप, आयुष्मान ऐप तथा मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना ऐप का लोकार्पण।
- उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ता चिकित्सकों एवं अस्पताल का सम्मान।

**दिनांक :** 05 जुलाई 2023 | **स्थान :** आई.पी.एच. प्रेक्षागृह, नामकुम, रांची | **समय :** अपराह्न 01 बजे से

NATIONAL HEALTH MISSION
**स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग**
**झारखण्ड सरकार**
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

PR No. 301326 (Health Med Edu and Family Welfare) 2023-24



# अनुशासन व संस्कार के बगैर अधिक लाड़-प्यार बर्बाद कर देता है बच्चों का भविष्य

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

बालक के प्रति स्नेह रखना चाहिए। उनके बढ़ते उम्र के साथ संस्कार और अनुशासन की शिक्षा आवश्यक है। अनुशासन और संस्कार के बगैर अधिक लाड़-प्यार बच्चों का भविष्य बर्बाद कर देता है। बच्चे जब बड़े हो जाएं तो उनसे भाई जैसा व्यवहार करना चाहिये। जीयर स्वामी ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में आत्मदेव द्वारा अपने पुत्र धुंधकारी को अत्यधिक लाड़-प्यार के कारण उसका महाखल बन जाने की चर्चा की। उन्होंने कहा कि धुंधकारी शराबी, जुआरी और वेश्यागामी बन गया। वह अपने माता-पिता को मारने पर उतारू हो जाता था। आत्मदेव का मंदिर





जैसा घर श्मशान बन गया। वे काफी चिंतित थे। गोकर्ण उनकी चिंता का कारण जान उपदेश देने लगे। स्वामी ने कहा कि जो नश्वर है, उसे शाश्वत मान लेना और शाश्वत को नश्वर मान लेना ही तो अंधकार है। शास्त्रों में अंधकार को अज्ञान, अविवेक इत्यादि नाम दिये गये हैं। अंधकार या अज्ञान में वस्तु का यथार्थ ज्ञान नहीं होता। आध्यात्मिक दृष्टि से विनाशी को अविनाशी माना लेना, क्षणिक को शाश्वत मान लेना, पराये को अपना मान लेना इत्यादि बातें रात्रि के अंधकार सदृश हैं। सांसारिक जीव अंधकार में ही सोते हैं लेकिन योगी-यति इसमें नहीं सोते। गीता कहती है- या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी। इसी तथ्य को रामचरित्र मानस में इन चौपाइयों में प्रस्तुत किया गया है। मोह निशा सब सोवन हारा, देखहिं स्वप्न अनेक प्रकारा। एहि जग जामिनि जागहिं जोगी, परमारथ प्रपंच वियोगी। जब परिवार आप से आकांक्षा न रखे तो परिवार से मुंह मोड़ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी वस्तु के अभाव अथवा प्रतिक्रिया से लिया गया वैराग्य स्थायी नहीं होता। सब कुछ रहने के बाद भी मर्यादित जीवन जीना वैराग्य है। समस्त संसाधनों की उपलब्धता के बावजूद उनके प्रति निर्लिप्त भाव वैराग्य है।

### बूढ़ा पहाड़ का इलाका नक्सल मुक्त होने के बाद भी विकास से कोसों दूर

# विभागीय दांव-पेंच में उलझीं योजनाएं

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**

पिछले तीन दशक से नक्सलियों का वर्चस्व क्षेत्र रहा बूढ़ा पहाड़ का इलाका नक्सल मुक्त होने के बाद भी विकास से कोसों दूर है। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए सरकार द्वारा कराए जा रहे हैं विकास कार्यों का समुचित लाभ वहां के ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। सरकार की मंशा है कि क्षेत्र का जल्द विकास हो और वहां के लोगों को जल्द इसका लाभ मिले।

बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में विभागीय दांव-पेच के कारण केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा स्विकृत हुई योजनाएं अधर में लटक जा रही है, जिसका ताजा उदाहरण इन क्षेत्रों में जाने के बाद देखने को मिल जाएगा। यहां बता दें कि बूढ़ा पहाड़ के आसपास के गांव को सड़क से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क, पुल, पुलिया निर्माण की स्वीकृति मिली थी, जिसका विभाग द्वारा टेंडर भी हो चुका था, परंतु सड़क निर्माण का कार्य स्थल का ज्यादातर भाग सुरक्षित वन क्षेत्र टाइगर प्रोजेक्ट के एरिया में आता है। इसके कारण



विभागीय दांवपेच लगाकर टाइगर प्रोजेक्ट के द्वारा बूढ़ा पहाड़ जाने वाले मुख्य मार्ग पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बहेरा टोली से अम्बाटांड़ तक नौ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली उक्त सड़क निर्माण कार्य के लिए एनओसी नहीं दी गई, जबकि टाइगर प्रोजेक्ट के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की मिलीभगत से उच्च गुणवत्ता की बनने वाली सड़क पर रोक लगाकर उक्त स्थल पर ही खुद से सड़क के बीच पड़ने वाले आधा दर्जन से अधिक नदी नालों में पाइप पुलिया एवं बॉक्स पुलिया का गुणवत्ता विहीन निर्माण कराया जा रहा है। टाइगर प्रोजेक्ट द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य में नियमों को ताक पर रखकर वन कर्मियों की मौजूदगी में धड़ल्ले से निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण स्थल पर कोई तकनीकी पदाधिकारी मौजूद नहीं रहते हैं। इनके द्वारा निर्माण स्थल पर कई बड़े-बड़े इमारती पेड़ काटकर गिराए गए हैं।

वहीं निर्माण कार्य में भारी मात्रा में सुरक्षित वन क्षेत्रों से अवैध तरीके से खराब पत्थर एवं मिट्टी युक्त बालू का उत्खनन कर लगाया जा रहा है। इसका खुलासा बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के भ्रमण पर गए प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष विश्राम बाखला, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश मींज, झारखंड मुक्ति मोर्चा के अनुमंडल उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मिंज सहित टीम में शामिल स्थानीय पत्रकारों द्वारा कार्यस्थल पर रखे गए पत्थर, बालू एवं गुणवत्ता विहिन हो रहे कार्यों को देखने के बाद हुआ।

टाइगर प्रोजेक्ट द्वारा कराए जा रहे गुणवत्ता विहिन कार्य का उपरोक्त लोगों ने कड़े शब्दों में विरोध करते हुए मुख्यमंत्री से गुणवत्ता विहीन कार्य पर रोक लगाते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है। निर्माण स्थल पर कार्य करा रहे टाइगर प्रोजेक्ट के टेकर गार्ड विनोद कोरवा ने निर्माण स्थल से इमारती पेड़ों की कटाई, सुरक्षित वन क्षेत्र से अवैध तरीके से निकालकर पत्थर एवं बालू को निर्माण कार्य में लगाए जाने की बात पूछे जाने पर कहा कि पदाधिकारियों के निर्देश पर जंगलों से पत्थर निकाला गया है। पदाधिकारियों के निर्देश पर ही सारे कार्य कराए जा रहे हैं।

# प्रशासन पर भारी पड़ रहे बालू माफिया

### भवनाथपुर व केतार प्रखंड में नदियों से बालू का अवैध उठाव जारी

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

मॉनसून के आगमन के साथ ही बालू घाटों व नदियों से बालू उठाव पर पूर्व तरीके से रोक लगा दी गई है। एनजीटी के आदेश के बाद 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू का उठाव नहीं किया जाना है। एनजीटी के रोक के बाद बरसात के मौसम में नदी क्षेत्र से बालू नहीं निकाला जा सकता। जिले में इस आदेश को खनन विभाग ने प्रभावी तरीके से लागू कर दिया है। कहीं भी अवैध बालू उठाव की सूचना पर त्वरित कार्रवाई भी की जा रही है। इसके विपरीत भवनाथपुर व केतार प्रखंड में प्रशासनिक आदेश पर बालू माफिया भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं।

पुलिस प्रशासन भवनाथपुर और केतार प्रखंड में नदियों से अवैध बालू का उठाव पर रोक लगाने में अब तक विफल साबित हो रही है। पुलिस की शिथिलता के कारण बालू माफिया बरसात के दिनों में भी इन नदियों में अवैध खनन का बालू का उठाव बे रोक टोक करने में लगे हुए है। प्रतिदिन नदियों से दर्जनों ट्रैक्टर रात भर बालू खनन कर उठाव करने में लगे हुए है, जिससे सरकार को लाखो रुपये की राजस्व की क्षति पहुंच रही है। केतार के विभिन्न नदियों से प्रतिदिन आधी रात से अहले सुबह तक अवैध बालू लदे दर्जनों ट्रैक्टर भवनाथपुर के मुख्य सड़कों पर देखे जा सकते है। बालू माफिया भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के कैलान पंचायत के झोक नदी, दुहान नदी, मकरी के बगही नदी तथा केतार प्रखंड के मुकुंदपुर व ताली के पंडा नदी, खैरवा गांव स्थित सोन नदी से बालू का अवैध तरीके से उठाव बदस्तूर जारी है। तो दूसरी तरफ बालू माफिया बालू का खनन करा नदी व जंगल का अस्तित्व मिटाने को आतुर है इसी तरह कैलान उतरी जंगल झोंक दुहान नदी में धड़ल्ले से खनन हो रहा है मजदूर भोर में ही बालू निकाल नदी के किनारे इकट्ठा करते हैं, और सुबह होते ही इसे ट्रैक्टरों से कैलान में बन रहे एलएनटी कंपनी पंप हाउस में भेज दिया जाता है, लगातार खनन से जंगल की मिट्टी का क्षरण हो रहा है जिसके चलते पेड़ नदी में गिर रहे हैं और वन विभाग के कर्मचारी सब कुछ जानते हुए भी चुप्पी साधे हुए हैं और खनन के चलते जंगल का अस्तित्व खत्म हो रहा है। नदी से बालू माफिया बेखौफ खनन कर रहे हैं, प्रशासन की चुप्पी से माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।



### क्या कहते हैं अनुमंडल पदाधिकारी

अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि इस प्रकार का अवैध कार्य किया जा रहा है तो नियम संगत उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रैक्टर के नीचे आने से एक व्यक्ति की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

थाना क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर एक बजे ट्रैक्टर के नीचे आने से ट्रैक्टर मालिक की मौत हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि बजरमरवा निवासी मोहम्मद अली (48) अपने ट्रैक्टर से घर के आसपास अपने खेत की जुताई कर रहा था। दोपहर में पत्नी के साथ खुरधन पहाड़ के समीप अपने खेत में धान का बिछड़ा करने जा रहा था। उसके साथ ट्रैक्टर पर उसकी पत्नी बैठी थी। आसपास के लोगों से मोहम्मद अली खेत पर जाने का रास्ता पूछा। इसके बाद वह ट्रैक्टर खड़ा कर रास्ता देखने चला गया। पिछले एक सप्ताह से बारिश होने से जमीन गिली थी। इससे ट्रैक्टर फिसलने लगा। ट्रैक्टर फिसलता देख मोहम्मद अली दौड़कर पत्नी को ट्रैक्टर से नीचे उतारा। इसके बाद ट्रैक्टर का स्टेरिंग पकड़कर गाड़ी को रोकना चाहा। इसी बीच मोहम्मद अली ट्रैक्टर के



पहिया के नीचे चला गया। आसपास के ग्रामीणों ने देखकर शोर मचाया। देखते देखते दर्जनों जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गए। ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद भी मोहम्मद अली को बाहर नहीं निकाल पाए। लगभग एक घंटा के बाद जेसीबी मशीन से ट्रैक्टर को गढ़े से बाहर निकाला गया। इसके बाद मोहम्मद अली को बाहर निकाला गया। स्वजन उसे गंभीर अवस्था में भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पदाधिकारी ने लिया रुआर कार्यक्रम का जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

झारखंड शिक्षा और साक्षरता विभाग ने रुआर कार्यक्रम की सुरुआत किया है। इसके तहत 5 से 18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों को सरकारी स्कूलों में वापस लाने और नियमित उपस्थिति बनाए रखने के लिए अभियान शुरू किया गया है।

मंगलवार को जिला सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी शम्भुदत्त मिश्रा एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक नवीन प्रकाश ने खरौंधी प्रखंड के कई स्कूलों का दौरा कर जानकारी प्राप्त की। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में रुआर कार्यक्रम के बारे में प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह से बिंदुवार जानकारी ली, जिसमें उक्त विद्यालय में कार्यक्रम संतोषजनक पाया। साथ ही नव नामांकित बच्चों के बीच बिस्किट का पैकेट वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया। साथ ही प्रधानाध्यापक को कार्यक्रम को और बेहतर करने का दिशा निर्देश दिया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय





अमरोरा में प्रधानाध्यापक के अवकाश पर रहने के कारण रुआर कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। मध्य विद्यालय खरौंधी में रुआर कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त की। उक्त विद्यालय में प्रधानाध्यापक को बेहतर करने का निर्देश दिया। इसके बाद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का जायजा लिया। रुआर कार्यक्रम को लेकर वार्डेन को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिला सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी शम्भुदत मिश्रा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य स्कूली छात्रों को स्कूल में बनाए रखना और उनका नामांकन कराना है और उन छात्रों को वापस लाना है, जिन्होंने स्कूल छोड़ दिया था। प्रवासी श्रमिकों के बच्चे और विशेष बच्चे, जिन्होंने स्कूल छोड़ दिया था। कोविड महामारी के दौरान लगभग दो वर्षों तक स्कूल बंद रहने के बाद कई बच्चे फिलहाल स्कूल से बाहर हैं और यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न हो। इस अभियान के तहत इस पर विशेष फोकस है।

अभियान के दौरान इस बात की भी समीक्षा की जा रही है कि कितने बच्चों ने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक कक्षा उत्तीर्ण कर उच्च कक्षाओं में प्रवेश लिया है तथा पता लगाया जा रहा है कि कहीं विद्यार्थी ड्रॉपआउट तो नहीं हो रहे हैं। इसके लिए सभी प्राथमिक विद्यालयों को मध्य विद्यालयों और मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालयों के साथ मैप करने को कहा गया है। स्कूल से बाहर के बच्चों समेत अन्य को भी डहर एप से चिह्नित कर नामांकन सुनिश्चित करने को कहा गया है। बच्चों को दोबारा स्कूल से जोड़ने और शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए बैक टू स्कूल अभियान शुरू किया गया है।

## संक्षिप्त

### वज्रपात की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के शिव नाला गांव निवासी राजकुमार राम (65) की वज्रपात से मौत हो गई है। उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में लाया गया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दोपहर में राजकुमार राम हल बैल से अपना खेत जोत रहा था। इसी क्रम में बारिश हुई और अचानक वज्रपात हो गई, जिसकी चपेट में वह आ गया। इसके बाद परिजनों ने उसे आनन-फानन में उठाकर अस्पताल लाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### सास से विवाद पर महिला ने खाया कीटनाशक

**गढ़वा।** उंटारी थाना क्षेत्र के कुटमु गांव निवासी मुकेश राम के पत्नी पुष्पा देवी कीटनाशक पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सास बहू के बीच किसी बात को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। इसी बात से उग्र होकर उक्त महिला ने कीटनाशक खा लिया। जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो घर वालों ने उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

### खाना बनाते समय कुकर फटने महिला झुलसी

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के जरही गांव निवासी जितेंद्र पासवान की पत्नी शांति देवी खाना बनाने के क्रम में कुकर फटने से झुलस गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने बताया कि शांति देवी घर में खाना बना रही थी। इसी बीच कूकर अचानक फट गया जिससे वह झुलस गई जिसके बाद परिजनों ने उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया।

### साइकिल की टक्कर से लड़की हुई घायल

**गढ़वा।** रमुना थाना क्षेत्र के मड़वनिया गांव निवासी जीतन राम की पुत्री रागिनी कुमारी स्कूल से अपने घर लौट रही थी। इसी बीच रास्ते में एक साइकिल सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर किया है। घायल के माथे में गंभीर चोट लगी है।

### खेत में सब्जी तोड़ रही महिला को सांप ने काटा

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के पेंदली गांव निवासी देनि राम की पत्नी प्रभा देवी को सांप ने काट लिया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि प्रभादेवी अपने सब्जी के खेत में सब्जी तोड़ रही थी। इसी बीच सांप ने उसके पैर में काट लिया। परिजनों ने उसे उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

### बीएलओ व सुपरवाइजर को दिया प्रशिक्षण

**गढ़वा।** बरडीहा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रभारी नितेश भास्कर के द्वारा वोटर आईडी से संबंधित बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ मंगलवार को समिक्षा बैठक किया। प्रखंड के सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर शामिल हुए। बैठक में मतदाता सूची विशेष कार्यक्रम 2024 को लेकर बीएलओ एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। विशेष कर बीएलओ एप के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

**धर्म-कर्म**

### अनुयायियों ने किया सत्संग का आयोजन

# 'गुरु के बिना दुर्बल होता है मनुष्य'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ठाकुर अनुकूलचंद्र के अनुयायियों ने जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में विशेष सत्संग का आयोजन किया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक धृतिसुंदर लाल ने कहा कि सद्गुरु ही भगवान के साक्षात रूप होते हैं जो अभी वर्तमान पुरुषोत्तम ठाकुर अनुकूलचंद्र हैं। उन्होंने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि गुरु के आदेश का पालन करना सभी शिष्यों का कर्तव्य होता है। उन्होंने यजन, याजन, इष्टभृति तथा सुबह व शाम में विनती प्रार्थना करने व सतनाम का



स्मरण करने पर बल दिया। मनुष्य गुरु के बिना दुर्बल हृदय का होता है। दुर्बल हृदय में भक्ति का स्थान नही होता है। गुरु को ग्रहण कर मनुष्य सबल हृदय का हो जाता है। ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि गुरु सर्वदेवमय होते हैं गुरु में अहंकार, स्वार्थचिन्ता तथा अप्रेम नहीं होता है। वे सभी जीवों से प्रेम करते हुये सभी को सत्मार्ग पर चलने का पथ दिखाते हैं। सद्गुरु में सभी देवी देवताओं का वास होता है। उन्होंने ज्ञानी व भक्त के बारे में कहा कि ज्ञानी अविश्वासी हो सकता है, लेकिन भक्त पूर्ण रूपेण विश्वासी होता है। भक्त सिर्फ गुरु के आदेश का पालन निःसंकोच भाव से विश्वास के साथ करता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे सत्संगी अखिलेश प्रसाद ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुये कहा कि गुरु ही भगवान का दर्शन कराते हैं। उन्होंने आगामी 5 नवंबर को ठाकुर के होने वाले जन्मोत्सव की तैयारी तथा गढवा में ठाकुर के मंदिर निर्माण के लिये सहयोग पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में अजय दा, राजकुमार, शक्तिदास सिन्हा, अशोक दा, गोविंद दा, प्रमोद चौबे, ब्रजेश तिवारी, श्रीकांत, धृतिदीप्त, प्रभा देवी, रमा देवी, वृंदा देवी, पूजा देवी, गीता देवी, मधु कुमारी, रिशु, सिमरन सहित विभिन्न क्षेत्रों के सत्संगी उपस्थित थे।

# 'बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में संगठन होगा मजबूत'

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर गढ़वा जिला के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि मरांडी एक कुशल संगठनकर्ता रहे हैं। निश्चित रूप से उनके नेतृत्व में भाजपा झारखंड प्रदेश में एक नई ऊंचाई को प्राप्त करेगी। आनेवाले 2024 में भाजपा मरांडी के नेतृत्व में लोकसभा एवं विधानसभा के चुनावों में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा। कार्यकर्ताओं में नया ऊर्जा का संचार होगा। उम्मीद ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि झारखंड में भाजपा अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगी। प्रदेश अध्यक्ष बनने पर मरांडी को सभी कार्यकर्ताओं की ओर से बधाई। बधाई देने वालों में भाजपा मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, मीना गुप्ता, प्रदीप पासवान, सुरेंद्र विश्वकर्मा, सुप्रित केशरी, अविनाश पासवान, राजीव रंजन पासवान, उमेश कश्यप, नसरुद्दीन अंसारी, अनीता गुप्ता, अखिलेश उरांव, राकेश शंकर गुप्ता, उदय कुशवाहा, रामसकल कोरवा, नवीन जायसवाल, संजय जायसवाल, अनवर शाह आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

152.4 के मुकाबले मात्र 63.3 मिमी पड़ा पानी, जुलाई के तीन दिन में 10.9 मिमी बारिश

# जून महीने में औसत से बहुत कम हुई बारिश

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
इस वर्ष मॉनसून लोगों को दगा देने लगा है। कम से कम अब तक हुई बारिश से यही अनुमान लगाया जा रहा है। अमूमन 18 से 20 जून तक झारखंड में मॉनसून प्रवेश कर जाता है। इस वर्ष मौसम विभाग ने भी सामान्य मॉनसून होने का दावा किया था, लेकिन अब मौसम वैज्ञानिक का दावा भी फेल होता नजर आ रहा है। लातेहार जिला में जून माह में मात्र 63.8 मिमी बारिश हुई है, जबकि आंकड़ों के अनुसार जून माह मे लातेहार में सामान्य या औसत बारिश 152.4 मिमी होती है। जुलाई के शुरुआती 3 दिनों में मात्र 10.7 मिमी बारिश हुई है। औसतन जुलाई माह



में लातेहार जिला में 344.7 मिमी बारिश दर्ज की जाती रही है।

**गारू में हुई है सबसे कम बारिश, चंदवा में सबसे ज्यादा :** जून माह में जिले के गारू प्रखंड में सबसे कम 26 मिमी दर्ज की गयी है. जबकि सबसे अधिक बारिश चंदवा प्रखंड में 108 मिमी रिकॉर्ड किया गया है। जिले के लातेहार में 61.6, बालूमाथ में 60.6, हेरहंज में 100.0, बारियातू में 85.2, मनिका में 30.1, सरयू में 47.0, महुआडांड़ में 54.9 मिमी बारिश दर्ज की गयी है। जिले में जून माह में 41.9 फीसदी बारिश दर्ज की गयी है। बता दें कि बरवाडीह प्रखंड में वषार्मापी यंत्र खराब होने के कारण वहां का वर्षापात रिकॉर्ड नहीं किया जा सकता है। इसी प्रकार तीन जुलाई तक जिले में मात्र 3.2 प्रतिशत बारिश ही दर्ज की गई है।

**क्या कहते हैं किसान :** परसही पंचायत के किसान बलराम प्रसाद ने कहा कि अब तक क्षेत्र मे संतोषजनक बारिश नहीं हुई है। अब तक खेतों में पानी जमा नहीं हुआ है। जब तक खेत में पानी जमा नहीं होगा जोत-कोड़ शुरू नहीं हो पायेगा। उन्होंने कहा कि अब तक क्षेत्र में मात्र 10 प्रतिशत ही धान का बिहन (बिचड़ा) किया गया है।पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण लोग किसी प्रकार का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। आज धान की खेती करना महंगा हो गया हैं। लोग अगर दस हजार रुपये लगा कर बिहन करे और अगर बारिश नहीं हुई तो पूरा बिहन सूख जायेगा। परसही पंचायत में उनके अलावा ध्रुव पासवान व दामोदर सिंह ने ही धान का बिहन किया है। अब तक की जो स्थिति है वह संतोषजनक नहीं है। किसान मायूस हो चले हैं। आशंका व्यक्त की जा रही है कि अगर एक दो दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो इस वर्ष भी सुखाड़ हो जायेगा।

# पैसा पानी की तरह बहाया, फिर भी नहर परियोजना से खेतों को नहीं मिला पानी

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद भी नकटी नदी नहर परियोजना से अंमवाटोली और महुआडांड़ पंचायत के अंतर्गत सैकड़ों एकड़ खेत में हरियाली नहीं आई, लेकिन बरसात आते ही नहर में घास-पौधे उग आये हैं, पानी के अभाव में किसानों का खेती परती पड़ा है। इसे लेकर किसानों में भारी गुस्सा और निराशा है। वहीं घास-पौधे उग आने से नहर में हरियाली ही हरियाली नजर आती है।

लघु सिंचाई विभाग के द्वारा वर्ष 2017 में 3 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से कश्यप कन्स्ट्रक्शन द्वारा नकटी नदी नहर परियोजना से पूर्व कच्ची नहर को पक्कीकरण कराया गया। इसकी लंबाई साढ़े



तीन किलोमीटर थी, ताकि किसानों को कृषि कार्य के लिए पानी मिले। इसके निर्माण से किसान खुश थे, लेकिन करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद किसानों को निराशा हाथ लगी है, जहां घटिया एवं स्तरहीन निर्माण के चलते करोड़ों रुपये का बना पक्का नहर का कंक्रीट कई जगह टूटा हुआ है। ग्रामीण अनिल सिन्हा कहते हैं कि नहर पक्कीकरण कार्यों में गुणवत्ता नहीं थी। अधिकारियों द्वारा इसकी मॉनिटरिंग कभी नहीं की गई। किसानों के द्वारा शिकायत करने के बाद भी उनकी बातों को नजर अंदाज किया गया था। निर्माण कार्य एक साल में पूरा करना था, लेकिन संवेदक नहर पक्कीकरण का काम पांच वर्ष तक करता रहा। तहबूल, नेजाम, कृष्णा, रतिया व अन्य किसान कहते हैं कि करोड़ों रुपये खर्च कर पुरानी व्यवस्था को बर्बाद किया गया। जब कच्ची नहर थी, तो मानसून की हल्की बारिश होते खेत में पानी घुसा लेते थे और बीहन छूट लेते थे। गत साल पानी के अभाव में खेती नहीं हुई। इस साल भी लगता है कि महुआडांड़ अकाल के मुहाने पर खड़ा है।

प्रेमी ने रांची से लाकर फेंका था, झगड़े के बाद कर ली थी खुदकुशी

# जंगल से बरामद हुए महिला के शव की गुत्थी सुलझी

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकनी से रिचुघुटा जानेवाली सड़क पर केंदुवाही जंगल से बरामद महिला के शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। बरामद शव की पहचान रेखा देवी, पति लालदेव महतो करकट (बीजुपाड़ा) थाना चान्हो, जिला रांची के रूप में की गई है। पुलिस ने मृतका के प्रेमी लातेहार जिला के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत रांकिकला निवासी ठेकेदार जवाहर राम, पिता सुखारी राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए पुलिस इंस्पेक्टर बबलु कुमार ने बताया कि बीती 28 जुलाई को थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकनी से रिचुघुटा जाने वाले पथ पर केंदुवाही जंगल से एक महिला का शव बरामद किया गया था। महिला के शव की पहचान करने को लेकर चंदवा पुलिस की ओर से जगह-जगह पोस्टर चिपकाये गए थे। इसी क्रम में लोहरदगा जिले के बड़कीचांपि



निवासी मुकेश महतो ने उक्त महिला की पहचान रेखा देवी के रूप में की। लातेहार पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार कांड के उद्भेदन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम को इन्वेस्टिगेशन के दौरान पता चला कि मृतका रांची में रहकर लातेहार जिला के मनिका थाना अंतर्गत रांकिकला निवासी ठेकेदार जवाहर राम के साथ मजदूरी का काम करती थी। ठेकेदार के साथ उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। जवाहर राम पहले से ही शादीशुदा था। मृतका उसके साथ अपना जीवन यापन गुजारना चाहती थी, जबकि ठेकेदार सिर्फ उसका इस्तेमाल कर रहा था। बीती 27 जुलाई को इन्हीं सब बातों को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। झगड़े के बाद जवाहर राम अपने गांव रांकिकला चला गया। इधर आवेश में आकर महिला ने अपने किराये के मकान में ही दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही ठेकेदार अपने सहयोगी रांकिकला निवासी श्यामलाल मोची के साथ चार पहिया वाहन से रांची पहुंचा और मृतका के शव को फंदे से उतारा। जवाहर राम व उसके सहयोगी श्यामलाल ने महिला के शव को गाड़ी में लादकर चंदवा पहुंचे और उसके शव को छुपाने की नियत से केंदुवाही जंगल की झाड़ियों में फेंक दिया।

आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस आरोपी के निशानदेही पर उसके घर से महिला का एंड्रॉयड मोबाइल और उसका कटा हुआ दुपट्टा भी बरामद कर लिया है। पुलिस जवाहर राम के सहयोगी श्यामलाल मोची और शव को लाने में इस्तेमाल किये गए चार पहिया वाहन को बरामद करने के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को विभिन्न धाराओं के तहत जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में पुलिस इंस्पेक्टर बबलु कुमार, पुअनि नारायण यादव, पुअनि कुंदन कुमार, पुअनि दिव्यप्रकाश, पुअनि धर्मेंद्र कुमार महतो समेत सैट 202 सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# कोल वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
टंडवा थाना क्षेत्र में मंगलवार को आम्रपाली कोल परियोजना से निकल रहे कोलवाहन जेएच 02 एवी 2051 की चपेट में आने से दोपहिया वाहन चालक बड़गांव निवासी 42 वर्षीय प्रदीप महतो पिता झरी महतो की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं इस घटना में दोपहिया वाहन पर सवार चांदनी देवी पति चंदन महतो तथा दो माह का नवजात बाल-बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार मृतक प्रदीप अपनी पुत्री को दोपहिया वाहन पर बिठाकर ससुराल पहुंचाने के लिए चतरा की ओर जा रहा था, इसी दौरान टंडवा-सिमरिया मुख्य पथ में लकडाही. मोड़ के समीप कोलवाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। वहीं सूचना मिलते हीं पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया तथा उक्त कोल वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं पुलिस इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने मृतक के शव को अन्त्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजते हुए अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुट गए।

# संदिग्ध स्थिति में कुएं से वृद्ध का शव बरामद हुआ

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
सदर थाना क्षेत्र के रमटुण्डा गांव के स्वर्गीय खीरु साव के कुएं से एक वृद्ध का शव मंगलवार को पुलिस ने संदेहास्पद स्थिति में बरामद किया है। वृद्ध की पहचान गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के नीचे टोला निवासी 60 वर्षीय नान्हू साव के रूप में की गई है। ग्रामीणों के सूचना पर पुलीस कुएं से शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। बताया गया नान्हू साव बीते सोमवार के शाम रमटुण्डा गया था। मंगलवार की सुबह स्वर्गीय खीरु साव की पत्नी कुएं में नान्हू साव के शव होने की जनकरी परिजनों की दी। जानकारी मिलते ही परिजन पहुंचा तो नंगे अस्था में कुएं में शव पड़ा था। इस संबंध में परिजन ने हत्या कर कुएं में डाल देने का आरोप लगया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है।

# पासवान समाज ने दी आंदोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**
प्रखंड मुख्यालय स्थित समुदायिक भवन मनिका के प्रांगण में पासवान समाज की बैठक पासवान समाज के प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने की। पासवान ने बालूमाथ निवासी सह लातेहार जिला पासवान समाज के संरक्षक सुरेश राम के ऊपर 30 जुलाई को जानलेवा हमला तथा मारपीट किए जाने की घोर निंदा की।

सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पासवान समाज अब ब्राम्हण समाज से अपने निजी कार्य जैसे पूजा, पाठ, गृह प्रवेश या अन्य प्रकार से संबंधित कार्य नहीं कराएंगे। यह भी शपथ ली कि अपने गांव में ब्राह्मण समाज को घुसने नहीं देंगे। साथ ही पुरजोर तरीके से ब्राह्मण समाज के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे एवं मांग करते हैं कि सत्येंद्र पांडे एवं मारपीट में शामिल परिजन पर पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें और दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। नहीं तो पासवान समाज आंदोलन करने को बाध्य होगा। मौके पर विशाल पासवान, पिंटू पासवान, चिंटू पासवान, सुरेश पासवान, सुंदर पासवान, अखिलेश पासवान, विष्णु जय पासवान, रंजीत पासवान, अशोक पासवान, रंजीत पासवान, आनंद पासवान, नंदन पासवान, तारकेश्वर पासवान, अनिल कुमार, मुनील पासवान, ज्ञानचंद पासवान, नीरज पासवान, रविंद्र पासवान आदि मौजूद थे।

# दुकानदारों ने अंचलाधिकारी को आवेदन सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड अंतर्गत फुलसु ग्राम स्थित बाजार टांड के 40 से भी अधिक दुकानदारों ने अंचल कार्यालय से प्राप्त नोटिस के आलोक में मंगलवार को अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी को आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से फुलसु बाजारटांड के दुकानदारों ने बताया कि बीते सोमवार को अंचल कार्यालय से हम सबों को अतिक्रमण के संबंध में नोटिस प्राप्त हुआ था। दुकानदारों को बताया गया था कि आप सभी बाजार टांड स्थित अतिक्रमण भूमि के संबंध में कागजात प्रस्तुत करें नहीं तो एक तरफा कारवाई होगी। बताया कि फुलसु बाजार 1950 से लग रहा है। उस समय बालूमाथ अंचल व थाना द्वारा बाजार लगाने के लिए लोगों को झोपड़ी बनाकर दिया गया था।




लगभग 70-75 वर्ष से फुलसु बाजार टांड में विभिन्न दुकानें लगाई जा रही हैं। यदि सभी को दुकान से हटाया जाता है तो 40/45 घर के परिवार पलायन करने पर विवश हो जाएंगे। इसलिए हम सभी को अपने-अपने स्थान पर रोजगार करने दिया जाय। इस सबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि झारखंड में भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 (बिहार एक्ट 15 के उप-धारा 2) के तहत फुलसू के 45 झोपड़पट्टी दुकानदारों को अतिक्रमण भूमि से संबंधित नोटिस दिया गया था। मंगलवार को सभी उपस्थित हुए। कुछ लोगों के द्वारा बाजार के जमीन को अतिक्रमण कर पक्का मकान निर्माण किए गए हैं और कर रहे हैं। उन्हें दुबारा नोटिस किया गया है। झोपड़पट्टी दुकानदार अपने अनुसार दुकान चलाते रहे। आवेदन सौंपने वालों में मो बेलाल, विजय सिंह, तिलक मांझी, सुरेश साव, मो अय्युब, कैलाश राम, रबानी मियां, जयदीप सिंह, नवदीप सिंह, अमित सिंह, सुखदेव साव, बनवारी साव, अमर साव, सुनिल उरांव, मो मोजिब, दशरथ ठाकुर, मो मोईन सहित 40 से अधिक लोग शामिल थे।

संकट | चिकनीकोना में एक ही दिन मिला योजना का पानी

# दूषित पानी पी रहे ग्रामीण व बच्चे

**महुआडांड़। प्रतिनिधि**
प्रखंड के ओरसापाठ पंचायत के चिकनीकोना गाँव में स्कूली छात्र इस भीषण गर्मी में गंदे नाले से बह रहे पानी पीकर प्यास बुझाते है। साथ ही मध्यान भोजन बनाने के लिए दूषित पानी का इस्तेमाल किया जाता है। विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को चिलचिलाती धूप में 2 से 3 किलोमीटर दूर अपने घर जाकर पानी लाते है। इससे पढ़ाई के दौरान घंटों तक उनका समय बर्बाद हो जाता है। उक्त गांव में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना वर्ष 2003 हुई थी। लेकिन तब से अभी तक 20 वर्षों में इस विद्यालय में पानी की व्यवस्था नहीं की गई है। बच्चे अपने घरों से बोतल में पानी भरकर पढ़ाई करने आते हैं। विद्यालय के बगल में ही छोटा नाला है। जिसके पास चुआड़ी



खोदकर अपनी प्यास बुझाते हैं। विद्यालय में बच्चों की कम संख्या को देखकर शिक्षकों से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यहां बच्चे अक्सर बीमारी के कारण विद्यालय नहीं आ पाते हैं। शिक्षकों ने बताया कि गर्मी के दिनों में यह नाला सूख जाता है। जिला अधीक्षक कविता खलखो व बीडीओ अमरेग डाग चिकनीकोना विद्यालय जाकर समस्या से अवगत होकर जल्द समस्या से निजात दिलाने का भरोसा दिया था। इसके तहत पेयजल विभाग द्वारा 10 मई को जल नल योजना के अंतर्गत विद्यालय तक पानी की सप्लाई की थी। 10 मई को सिर्फ एक दिन विद्यालय में पानी की सप्लाई हुई। गर्मी छुट्टी से लेकर 4 जुलाई तक बच्चों को पानी सप्लाई नहीं हो रही है। आज भी बच्चे चुआड़ी व अपने घर से बोतल में पानी लाकर पीने को मजबूर हैं। वहीं इस संबंध में विद्यालय के शिक्षक ने बताया कि कुछ भी कहने से अधीक्षक मैडम द्वारा फटकार लगाई जाती है। वहीं पेयजल विभाग व शिक्षा विभाग के लापरवाही के कारण आज भी बच्चे चुआड़ी से पानी पीने को मजबूर हैं। बच्चों ने बताया कि डेढ़ महीने पूर्व सिर्फ एक बार नल द्वारा पानी सप्लाई हुई थी। उसके बाद से आज तक पानी नसीब नहीं हुआ है।

# गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में होटल देवइन पर सोमवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी उपस्थित हुए। मौके पर बालूमाथ के कई वरिष्ठ व प्रबुद्ध शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को मुख्य अतिथि एवं भाजपाइयों द्वारा शॉल ओढा कर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक अवनीकांत पाठक, निर्मल कुमार सिन्हा, मनोज तिवारी, कंचन सिंह, चंदन दास, भोलेनाथ श्रीवास्तव, पवन कुमार विजय कुमार, संजय कुमार, सिकंदर सिंह, प्रयाग कुमार के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, रवि सिंह, अखिलेश पाठक, त्रिवेणी साव, रविंद्र सिन्हा, अमित रघुनंदन सोनी, रामकुमार गुप्ता, गंगेश्वर यादव, कृष्णा यादव, शैलेश सिंह, विजय ठाकुर, विजय प्रसाद, आशुतोष पाठक, आशीष ओझा आदि शिक्षक-कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### पदाधिकारी कराएंगे युवकों को डिफेंस की तैयारी

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड थाना क्षेत्र के वैसे विद्यार्थी जो मैट्रिक व इंटर स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं उन्हें मयूरहंड थाना व प्रखंड पदस्थापित पदाधिकारी बहुमूल्य समय देकर तैयारी करवाएंगे। प्रथम बैच की शुरुआत 10 जुलाई से की जाएगी। डिफेंस की तैयारी योग्य व अनुभवी सरकारी कर्मियों द्वारा कराया जायेगा। इस कार्य में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस अवर निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यार्थियों को शिक्षण व प्रशिक्षण देंगे और परीक्षा में उत्तीर्ण होने का गुर सिखाएंगे।

### वज्रपात से दुधारू गाय व बछड़े की मौत

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के दुआरी गांव में वज्रपात के चपेट में आने से एक दुधारू गाय व एक बछड़े की मौत हो गई। बताया गया कि दुआरी गांव निवासी पिंटू साहू की दुधारू गाय व बछड़ा घर के सामने पेड़ के नीचे खड़ा था। तभी अचानक तेज बारिश के साथ अचानक वज्रपात हो गई। पीड़ित किसान ने अंचल प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

### यादव महासभा के युवा जिलाध्यक्ष बने बच्चन

**मनिका।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा बच्चन कुमार यादव को लातेहार जिला का नव नियुक्त युवा जिलाध्यक्ष बनाया गया। सोमवार को पचफेड़ी शिव मंदिर के प्रांगन में समारोह आयोजित कर प्रांतीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष वृद्धबिहारी यादव, प्रांतीय यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर यादव समेत कई लोगों ने बच्चन कुमार यादव को मिठाई एवं माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर बली प्रसाद यादव, राजद नेता जितेन्द्र यादव, पूर्व उप प्रमुख उमेश प्रसाद यादव, बालकेश यादव, संजय यादव, जितेन्द्र यादव, अखिलेश यादव, गुलाब यादव, सुनील यादव, लव यादव, नंदन यादव, राहुल यादव, अंकित राज , सतीश यादव, सयलोक यादव आदि मौजूद थे।

### पंचायत सचिव की वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत मंझगांवां पंचायत में दो माह से पंचायत सचिव नहीं रहने को लेकर मुखिया सरिता देवी ने बीडीओ संजीत कुमार सिंह को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि दो माह से प्रभारी पंचायत सचिव के हड़ताल में चले जाने से पंचायत में कार्य अवरुद्ध हो गये हैं। बीडीओ ने कहा कि प्रभारी पंचायत सचिव दो दिन में प्रभार दूसरे पंचायत सचिव को नहीं देते है तो दंडाधिकारी की नियुक्ति कर विकास कार्यों को किया जायेगा।

### मरांडी को मंडल भाजपा कमेटी ने दी बधाई

**बालूमाथ।** भाजपा मंडल कमेटी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मरांडी को झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी है। बधाई देने वालों में से भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, गंगेश्वर यादव, विजय गुप्ता, पवन यादव, अखिलेश भोक्ता, रघुनंदन सोनी, महावीर तूरी, राम कुमार गुप्ता, मोनू पासवान, मंजू देवी, मंजू देवी, रंजीत गुप्ता, राजकुमार प्रसाद, अनूप वर्मा, संतु भगत, देवनंदन प्रसाद, दिनेश साव, राजेश प्रजापति, सत्यनारायण साव, राजेश प्रसाद, विजय ठाकुर आदि शामिल हैं।

### केवि के बाल वाटिका-3 में नामांकन 6 से

**लातेहार।** केंद्रीय विद्यालय लातेहार के बाल वाटिका -3 में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन आगामी 6 जुलाई से 18 जुलाई तक जमा किया जा सकता है। इस आशय की जानकारी प्राचार्या देवनिसिया तिर्की ने दी। उन्होंने बताया कि बाल वाटिका-3 में नामांकन के लिए छात्र व छात्राओं की उम्र 31 मार्च 2023 को पांच वर्ष से अधिक लेकिन छह वर्ष से कम होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि बाल वाटिका-3 में अधिकतम 40 छात्रों का नामांकन होगा और इसमें एकल बालिका के तहत प्रवेश का प्रावधान नहीं है। प्राचार्या ने बताया कि प्रवेश की सभी शर्तें केंद्रीय विद्यालय संगठन के संशोधित प्रवेशिका दिशा-निर्देश 2023-24 के अनुसार लागू होंगी।

### मानदेय वृद्धि को लेकर की गई बैठक

**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार परिसर में मंगलवार को वर्ग 6 से 8 में कार्यरत सहायक अध्यापकों के 4 प्रतिशत मानदेय वृद्धि हेतु प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के राज्य परियोजना निदेशक के निर्देश के आलोक में प्रखंड प्राधिकार समिति की बैठक की गई। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम प्रवेश यादव एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी रिशी कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के 20 सहायक अध्यापकों की सेवा संपुष्टि वर्ग 6 से 8 वर्ग के लिए की गई। मौके पर उप प्रमुख निशा शाहदेव, बीपीओ बिरेंद्र भगत, कोआर्डिनेटर प्रकाश कुमार, संजिव कुमार, इश्वरी कुमार, नागेंद्र कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित रहे।

### मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर दी बधाई

**बरवाडीह।** झारखंड प्रदेश कमेटी के नए अध्यक्ष के रूप में बाबूलाल मरांडी की नियुक्ति पर पार्टी के नेताओं ने खुशी जताई है। बधाई देने वालों में मंडल कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के साथ-साथ जिप सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप सिंह यादव, विवेक कुमार सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सखीचंद प्रसाद, प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास सिंह, पारस जायसवाल, हेमंत कश्यप, नीरज सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हैं।

### मगध न्यू जीएम व पीओ का किया स्वागत

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के संघमित्रा एरिया अंतर्गत संचालित सीसीएल के मगध कोल माइंस के नए जीएम नृपेंद्र नाथ एवं न्यू पीओ एस. सतनारायण को गणेशपुर पंचायत के मुखिया परमेश्वर उरांव एवं उनके साथ पंचायत के रवि प्रकाश, शंभू प्रसाद, पवन कुमार ने बुके देकर भव्य स्वागत किया।

# मरांडी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में उल्लास, पटाखे फोड़कर मनाया जश्न

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री वर्तमान भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु के नेतृत्व में नगर मंडल अंतर्गत रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप पटाखे फोड़ और मिठाई बांटकर जश्न मनाया। इसमें मौके पर मुख्य रूप से तोरपा विधायक कोचे मुंडा एवं पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह उपस्थित रहे।मौके पर कोचे मुंडा ने कहा कि हमारे नेता बाबूलाल मरांडी जमीन से जुड़े व्यक्ति रहे हैं हमेशा से समन्वय स्थापित कर संगठन को नए आयाम दिए हैं और इस बार भी ऐसा ही होगा। मौके पर प्रवीण सिंह ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को लंबे समय से संगठनात्मक एवं प्रशासनिक अनुभव है। इन्हें पहली बार वनांचल समिति का प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी मिली थी तब से लेकर आज तक भाजपा संगठन का स्वर्णिम काल रहा है। पूर्ण विश्वास है कि वर्तमान में मिली जिम्मेदारियों के बाद प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और भी सशक्त होगी। मौके पर सामेला भगत, अशोक खत्री भारत साहू, अनुप राय, तरुण देवघरिया, जयप्रकाश साहू, जोद्धनारायण साहू, लाल निरंजन शाहदेव, विशेश्वर दीन, लखन उरांव, कलावती देवी, छवि सिंह, मिथुन तमेड़ा, लाल अविनाश शाहदेव, बाल्मीकि कुमार, सचिन सिंह, विजय महतो, पवन प्रजापति, तुलसी उरांव, दिनेश सिंह, अमित कुमार, अंकित साहू, श्रृषभ कुमार, आयुष तमेड़ा, शुभम अग्रवाल, नवीन ठाकुर, निखिल सिंह, सूरज ठाकुर, आकाश सिंह, शिवसागर उरांव, अरविंद कुमार, रविशंकर, शुभम जयसवाल सहित अन्य युवा शामिल थे।





## एसटी एससी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति सदस्य पहुंचे लोहरदगा

# जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं और विभागों की प्रगति की समीक्षा, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोबिन हेंब्रम, सभापति, झारखण्ड विधानसभा की अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की अध्यक्षता में समिति द्वारा लोहरदगा जिला में संचालित विभिन्न योजनाओं और विभागों के प्रगति की समीक्षा परिसदन, लोहरदगा में की गई।

बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा संचालित पथों व पुलों, जिला में संचालित पथ प्रमण्डल, लोहरदगा की संचालित योजनाओ, भवन प्रमण्डल लोहरदगा द्वारा संचालित योजनाओं, पथों के लिए रैयतों के ली गई भूमि व उनका मुआवजा भुगतान, लघु सिंचाई प्रमण्डल द्वारा संचालित योजनाओं, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल द्वारा संचालित योजनाओं, कृषि विभाग द्वारा वितरित धान, मूंगफली बीज की समीक्षा गई। बैठक में सर्वप्रथम खनन विभाग की समीक्षा की गई और खनन कार्य अंतर्गत डीएमएफटी से प्राप्त मद, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज द्वारा किये जा रहे खनन कार्य, रैयतों को भुगतान व नियोजन संबंधी समीक्षा की गई। इसमें किस्को प्रखंड के पाखर ग्राम के द्वारा की गई शिकायत पर महाप्रबंधक, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, लोहरदगा को निर्देश दिया गया कि जिन रैयतों को अब तक खनन कार्य हेतु ली गई भूमि के एवज में मुआवजा नहीं मिला है उनका भुगतान त्वरित किया जाय जबकि मामला का निर्णय उपायुक्त के न्यायालय से आ चुका है। इसके बावजूद अब तक रैयतों का भुगतान नहीं किया गया है। यह पूरी तरह असंवेदनशीलता है। जब तक मुआवजा का भुगतान नहीं होता है और रैयतों को नियोजित नहीं किया जाता है, तब तक पाखर में खनन कार्य तत्काल बंद करें। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को कंपनी में नियोजित स्थानीय लोगों की सूची वर्गवार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में हिंडाल्को द्वारा प्राप्त होने वाले राजस्व की भी समीक्षा की गई। खनन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि कई खदानों में लीज से ज्यादा भूमि पर खनन की शिकायत मिली है, इसकी जांच तुरंत कराएं। मत्स्य पदाधिकारी को बंदोबस्ती के लिए बचे सरकारी तालाबों की बंदोबस्ती कराने, मत्स्य समितियों की संख्या बढ़ाने के लिए समितियों का गठन करने का निर्देश दिया गया वन विभाग को सड़क के किनारे अवस्थित सूखे पेड़ों को कटवाने के लिए राज्य स्तर पर गठित समिति से एनओसी प्राप्त कर सूखे पेड़ों को कटवाने का निर्देश दिया गया। एसटी-एससी अत्याचार अधिनियम अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में आये मामलों व बीते वर्षों में निष्पादित मामलों व भुगतान की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सिविल सर्जन को सदर अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन अधिष्ठापित करने और इसके संचालन हेतु एक तकनीशियन की नियुक्ति किये जाने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना की भी समीक्षा की गई। समाज कल्याण पदाधिकारी को जिला में रिक्त सेविका एवं सहायिका के पदों को भरे जाने के लिए प्रक्रिया पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया गया। विद्युत विभाग की समीक्षा में कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल लोहरदगा को पुराने व जीण-शीर्ण हुए बिजली के तारों को बदलने हेतु मांग किये जाने का निदेश दिया गया। परिवहन विभाग की समीक्षा में जिला परिवहन पदाधिकारी को ग्रामीण युवाओं को ड्राईविंग लाइसेंस मुहैया कराने के लिए ग्राम स्तर पर कैंप का आयोजन व कमर्शियल वाहन लाइसेंस बनवाने का निर्देश दिया गया। बैठक में समिति के सदस्य नमन विक्सल कोंगाड़ी, कोचे मुण्डा, अमित कुमार यादव, उप विकास आयुक्त समीरा एस, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।



### समिति ने कल्याण विभाग के छात्रावासों का निरीक्षण किया

**लोहरदगा।** लोबिन हेंब्रम, सभापति, झारखण्ड विधानसभा की अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति, झारखण्ड विधानसभा के नेतृत्व में समिति द्वारा कल्याण विभाग द्वारा संचालित बीएस कॉलेज परिसर स्थित तीनों छात्रावासों में रहने वाले छात्रों से मुलाकात की। इस दौरान माननीय सभापति ने छात्रों की समस्याएं सुनीं और उनके निवारण हेतु संबंधित विभागों को निदेश दिये गये। छात्रावास परिसर में प्रकाश हेतु वेपर लाईट की व्यवस्था हेतु व जलजमाव के निवारण हेतु नाली निर्माण का निदेश प्रशासक, नगर परिषद, लोहरदगा को दिया गया। छात्रों द्वारा छात्रावास में बरतन, चौकी, बेंच, मच्छरदानी, रसोईया की व्यवस्था, छात्रावास के बकाये बिजली बिल के भुगतान के लिए कल्याण विभाग को आवश्यक डिमांड सरकार से किये जाने का निदेश दिया गया। छात्रों द्वारा छात्रवृत्ति राशि में कटौती की शिकायत पर कल्याण विभाग को आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। सभी 04 छात्रावासों में कंप्यूटर एवं वाईफाई की व्यवस्था किये का निदेश कल्याण विभाग को दिया गया। निरीक्षण के मौके पर समिति के सदस्य नमन विक्सल कोंगाड़ी, अमित कुमार यादव, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सतर्कता व मॉनिटरिंग समिति की बैठक हुई

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अधिनियम अंतर्गत प्राप्त कुल 33 मामलों की चर्चा बिंदुवार की गई जिसमें पुलिस थाना और स्वास्थ्य विभाग से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने का निदेश कल्याण विभाग को दिया गया और सर्वसम्मति से राहत राशि स्वीकृत की गईं। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, जिला कल्याण पदाधिकारी, सदस्य के रूप में शिक्षा विभाग लोहरदगा के सहायक अभियंता रघुनंदन उरांव, सेन्हा निवासी किनेश्वर महतो, सचिव प्रदान लोहरदगा आदि उपस्थित थे।



# पतंजलि ने हवन कर मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा में पावन दिवस गुरु पूर्णिमा पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा एवं सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में हवन कर गुरु के बताए गए मार्गदर्शन को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा में आचार्य शरचचंद्र आर्य के मार्गदर्शन में आचार्य अर्जुनदेव आर्य के नेतृत्व में वैदिक विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न हुआ। मौके पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह ने कहा कि गुरु का पद जीवन निमार्ता का है। गुरु एक शिल्पकार की भांति है, वह व्यक्तित्व को गढ़ता है, तराशता है। आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश के प्रांत प्रभारी आचार्य शरचचंद्र आर्य ने कहा कि एक मनुष्य को सही अर्थों में ज्ञानवान, प्रज्ञावान, शीलवान बनाने का अद्भुत और अद्वितीय पुरुषार्थ सिर्फ गुरु ही कर सकता है। उन्होंने आज सबों को संकल्प लेकर संकल्प दिवस के रूप में मनाने की जरूरत है। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु की महिमा को अपरिमित बताया गया है। महर्षि संदीपनी भगवान कृष्ण के गुरु थे। महर्षि वशिष्ठ भगवान श्री राम के गुरु विरजानंद महर्षि दयानंद के, चाणक्य चंद्रगुप्त के गुरु थे। इस परिप्रेक्ष्य में देखने से गुरु की महत्ता का अनुभव एवं गर्व होता है। सही अर्थों में कहा जाय तो बिना गुरु के ज्ञान संभव नहीं। मौके पर पतंजलि योग समिति के सह जिला प्रभारी वासुदेव महतो, युवा प्रभारी अंकित अग्रवाल, योगेंद्र आर्य, रामसुभग राय, कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति, सतीश जायसवाल, सौरव पिंक, कृष्णा राम, आरएसएस के जिला प्रचारक दीपक कुमार, प्राचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, दिलीप कुमार समेत ब्रम्हचारी गण मौजूद रहे।



## चेतावनी | ट्रैफिक पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

# सुरक्षा नियमों का सख्ती से करें पालन

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**
जिले के किस्को थाना के समीप यातायात प्रभारी की अगुवाई में वाहन जांच की गई। जिसमें यातायात प्रभारी सुजीत कुमार, एएसआई सिकंदर बेसरा एवं किस्को थाना के एएसआई अविनाश कुमार सिंह द्वारा दो पहिया वाहनों की जांच की गई। इसमें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों के वाहनों को जप्त किया गया। जिसे लोहरदगा जिला परिवहन कार्यालय में फाइन जमा करने के पश्चात किस्को थाना से छोड़ा जाएगा।

इधर वाहन जांच के दौरान दो पहिया वाहन के सभी जरूरी कागजात ऑनर बुक परमिट फिटनेस प्रदूषण लाइसेंस सहित ट्रिपल सवारी आदि की बारीकी से जांच की गई। जिसमें उक्त सभी जरूरी कागजात नहीं रहने पर वाहनों को जप्त किया गया। मौके पर यातायात प्रभारी ने कहा कि सभी वाहन चालक को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जरूरी है, हमेशा हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि हेलमेट पुलिस से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए पहनें इसके बाद ही वाहन चलाएं। मौके पर आरक्षी बीरेंद्र, हरेन्द्र पाठक, संजय डेविट, हसबुल अंसारी, मंसूर अंसारी मौजूद थे।



# शराब के नशे में युवक ने खायी कीटनाशक दवा

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
भड़गांव बेड़ा टोली में युवक ने खाया कीटनाशक दवा बिगड़ा हालत ग्रामीणों के सहयोग से परिजनों ने आनन फानन में सदर अस्पताल में कराया भर्ती।

सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव पंचायत ग्राम के बेड़ा टोली निवासी सुखदेव उरांव का 40 वर्षीय पुत्र बंधन उरांव शराब के नशे में दवा समझकर कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। इससे युवक का हालत बिगड़ने लगा तो आसपास के ग्रामीण एवं परिजनों ने आनन फानन में सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु एंबुलेंस मुहैया कराते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया।



बताया जाता है कि कीटनाशक दवा के डब्बा में रेपर नहीं होने के कारण गलती से दवा समझ कर सेवन कर लिया। दवा सेवन के कुछ ही समय के बाद युवक की स्थिति बिगड़ने लगी।

## संक्षिप्त

### बरजर कंपनी ने की ठेकेदार-मिस्त्री की मीटिंग

**भंडरा।** बरजर पेंट कंपनी के द्वारा गुप्ता इंटरप्राइजेज भंडरा में ठिकेदार, मिस्त्री मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में कंपनी के टेक्निकल ऑफिसर सिद्धार्थ एवं मार्केटिंग ऑफिसर विक्रम सिंह के द्वारा बरजर कंपनी के होम शिल्ड सीमेंट मिक्स एवं लेटेक्स जॉइंट रिपेयर बाइंडिंग एजेंट के बारे में मिस्त्री एवं ठेकेदारों को बताया गया। टेक्निकल ऑफिसर सिद्धार्थ ने बताया कि दो बिल्डिंग के जॉइंट में छत के जोड़ हेतु बरजर कंपनी का लेटेस्ट जॉइंट रिपेयर आता है। जोकि पुराने छत एवं नए छत की जोड़ में बहुत कारगर है। इसके टूटे हुए छज्जा के रिपेयर में भी इसका बेहतर प्रयोग होता है। होम सिल्ट सीमेंट मिक्स के बारे में बताया गया कि छत की ढलाई एवं प्लास्टर का प्रयोग कर बिल्डिंग को लीकेज एवं सीपेज से बचाया जा सकता है। बर्गर होम शिल्ड सीमेंट मिक्स एवं लेटेस्ट जॉइंट रिपेयर का प्रयोग कर बिल्डिंग को लीकेज प्रूफ या सीपेज प्रूफ बनाया जाता है।

### बीडीओ ने की मनरेगा की समीक्षा बैठक

**कुडू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में बीडीओ मनोरंजन कुमार ने मंगलवार 4 जुलाई को मनरेगा योजनाओ की समीक्षा बैठक की। बैठक में बीपीओ अरबिंद रौशन के अलावे रोजगार सेवक आदि कर्मी मौजूद थे। बैठक मे फेज 1आम बागवानी के लिए कल तक ऑर्डर करने, खुदाई का प्रतिवेदन कल सुबह तक भेजना सुनिश्चित करने, फेज 2 में अपने अपने पंचायत का लक्ष्य के अनुसार एंट्री के साथ गड्ढा खुदाई पूर्ण कने, मानव दिवस सृजन आगामी 7 जुलाई तक 65% ब्लॉक को करना है इसलिए रेड जोन पंचायत अधिक से अधिक डिमांड कर पिडी 65% पूरा करने, 15 दिनों के अंदर सभी रोजगार सेवकों को जिओ टैग करने, प्रत्येक राजस्व ग्राम में पोटोहो खेल मैदान का निर्माण कराने हेतु अस्थल चयन करते हुए 2 दिनों के अंदर प्रतिवेदन जमा करने साथ ही साथ पूर्व से चल रहे हैं पोटो हो खेल मैदान को पूर्ण कराते हुए अगले सोमवार तक सभी को एमआईएस में बंद करने का निर्देश दिया।वहीं वैसे दीदी बड़ी योजना जिनका दो वर्ष हो गया है वो योजना सभी को एमआईएस में बंद कर सूची उपलब्ध कराने, पुराने पशु शेड को जल्द से जल्द पूर्ण करने है तथा नाये पशु शेड को दो दिनों में एंट्री कर चालू करने, एबीएस में वृद्धि हेतु सभी पंचायतों का पोस्ट ऑफिस में खाता खोलने तथा जिनका खाता खुला है उनका रिपोर्ट लेखा सहायक को प्रतिदिन करने, जिसका खाता रिजेक्ट हो रहा है या बंद है उसे तुरंत बैंक भेज कर एक्टिव कराने और डोभा,फील्ड बंड, दीदी बाड़ी, आवास को एमआईएस में बंद करने सहित कई निर्देश दिया।

### प्रदेश अध्यक्ष बनने पर मरांडी को दी बधाई

**लोहरदगा।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री व भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाने पर लोहरदगा जिला संगठन एवं जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई। बधाई देने वाले भाजपा राष्ट्रीय जनजाति मोर्चा अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद समीर उराँव ,लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उराँव, ओमप्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति, ब्रजबिहारी प्रसाद ,मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद ,राजकिशोर महतो, राजमोहन राम, डॉ बिंदेश्वर उराँव, प्रदेश मंत्री भाजयुमो अजातशत्रु, बजरंग उरांव, लक्ष्मीनारायण भगत, हर्ष नाथ महतो, समेला भगत, नीरज कुमार नलिन, नवीन कुमार टिंकू, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, राजू रजक, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, छेदी राम, मीणा बाखला,सरोज प्रजापति ,भारती सिन्हा,अजय पंकज ह, परमेश्वर साहू, दिलीप पटनायक, भरत साहू लक्ष्मी नारायण भगत, पशुपति नाथ पारस, मनिष शिखर, सजल कुमार, कलावती देवी, बाल्मीकि कुमार, सरिता देवी, पंकज कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### बीडीओ ने की मनरेगा योजना की समीक्षा

**सेन्हा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत गांव में मनरेगा द्वारा संचालित विकास कार्य का समीक्षा मंगलवार दिवस के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा किया गया। साथ ही मनरेगा योजना को समय सीमा के अनुसार पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया गया। इसके अलावे प्रखंड के सभी पंचायत 2ल्ल्फ फेज में 192 एकड़ आम बागवानी का टारगेट को स्वीकृत कर दो दिनों में गढ़ा पूर्ण करने का निर्देश पंचायत वार सचिव को दिया गया। उन्हनो ने कहा कि अगली समीक्षा उप विकास आयुक्त के द्वारा 7 जुलाई को किया जाना है। 20 एकड़ प्रति पंचायत में आम बागवानी लगाने पर जोर दिया गया। तथा प्रगति देखा कर प्रखंड को अव्वल दर्ज दिलाने की बात कही गई। समीक्षा के दौरान दीदी बाड़ी लंबित योजना को पूर्ण करने तथा कार्य पूर्ण हो चुके योजना को एमआईएस करा कर अविलंब बंद करने का निर्देश दिया गया। एनआरएम योजना में मेढबंदी और टीसीबी निर्माण योजना को आरम्भ कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, बीपीओ निलेंद्र कुमार,कनीय अभियंता सुजित कुमार,मनु कुमारी,महीपाल उरांव,आनंद सिंह आदि उपस्थित थे।

### पशुधन योजना से लाभुक हो रहे हैं लाभान्वित

**सेन्हा।** पशुधन योजना के तहत प्रखंड पशुपालन परिसर सेन्हा में चयनित लाभुकों के बीच उपप्रमुख के द्वारा अनुदान पर बकरी वितरण किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के इच्छुक लाभुक के बीच मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 75 प्रतिशत एवं 90 प्रतिशत अनुदान पर बकरी पालन को बढ़ावा देने हेतु बकरी वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित पशु चिकित्सा परिसर सेन्हा में उपप्रमुख पॉल पन्ना की उपस्थिति में अलग अलग पंचायत क्षेत्र का गांव के सात महिला को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार से जोड़ने को लेकर एक लाभुक के बीच चार बकरी एवं एक बकरा वितरण किया गया। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज सिंह ने कहा कि पत्येक लाभुक को चार बकरी एक बकरा दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा 10 केजी का बकरी तथा 12 केजी का बकरा देने का प्रबधान है। लाभुक इस स्वरोजगर से जुड़ कर स्वालम्बी व आत्मनिर्भर बन सकते है। वहीं लाभुक सीता देवी, लीला उरांव,सोमरीन महली, मानो उरांव,भादो उरांव जया देवी, एवं सिमा देवी का कहना है कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना से लाभ उठा कर अपने जीविकोपार्जन के लिए बकरी पालन सार्थक साबित होगा।

हम ईश्वर की तरफ से पृथ्वी पर भेजे गए एक खाली चेक की तरफ है। इसमें क्या कीमत भरनी है, यह हमारे गुणों और क्षमताओं पर निर्भर करता है। - अज्ञात



# यादगार शादी संदेश

***झारखंड*** के पलामू में एक शादी पिछले दिनों यादगार बन गयी। जहां पर दूल्हा एम्बुलेंस से विवाह स्थल पर आया फिर स्ट्रेचर की मदद से उसे मंडप तक पहुंचाया गया। इस प्रकार पलामू में सपनों को मिला एक नया नाम। दूल्हे के इस जज्बे की हर तरफ जमकर तारीफ हो रही है। जानकारी के अनुसार गढ़वा जिले के कांडी गांव निवासी सुदर्शन मिश्रा के पुत्र चंद्रेश मिश्रा का विवाह चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पनेरी बांध निवासी मिथिलेश मिश्रा की पुत्री प्रेरणा मिश्रा के साथ होनी थी। इसी बीच शादी के कुछ दिन पहले ही चंद्रेश मिश्रा का सड़क दुर्घटना में एक पैर फ्रैक्चर हो गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चंद्रेश के घायल होने पर घर के सभी लोग चिंतित हो गये सभी ने कहा कि अब शादी के डेट को बढ़ाना पड़ेगा। परंतु चंद्रेश मिश्रा ने परिजनों से कहा कि चिंता करने की कोई बात नहीं है,शादी का डेट जिस दिन रखा गया है,शादी उसी दिन होगी। चंद्रेश की बात को मान कर घर वालों ने भी उसी डेट में शादी करने का फैसला लिया। अपनी शादी के दिन चंद्रेश एक एंबुलेंस मंगवाया और उसी से शाहपुर कोयल नदी स्थित कोयल रिवर ब्यू होटल में शादी के मंडप में शादी करने पहुंच गया। यह नजारा देख उपस्थित लोग दंग रह गये। शादी में आये सभी मेहमान व साथियों ने चंद्रेश मिश्रा की जमकर तारीफ की। बहरहाल शादी करना लड़का और लड़की का एक सपना होता है। शादी में हमसफर को लेकर कहीं भी अजीबोगरीब हलचल मची रहती है। हर लड़की चाहती है कि उसकी जिन्दगी में ऐसा लड़का सेहरा सजाकर आये,जो कि न केवल उसकी ख्वाहिशें पूरी करे बल्कि उसका सम्मान भी करे। कई बार यह देखा गया है कि शादी मंडप या फिर स्टेज पर भी रिश्ते टूटते देखे गये हैं। यही कारण है कि कई लोग अच्छा जीवनसाथी पाने के लिए भगवान की शरण में जाते हैं। पिछले दिनों एक खबर आयी थी कि दुल्हन बीमार हुई तो दूल्हा बारात लेकर अस्पताल पहुंच शादी की। समाज का स्वरूप बदल रहा है। लेकिन यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि आज भी एक दूसरे को सच्चे हृदय से चाहने वालों की कमी नहीं है। कहने का अभिप्राय यह कि आज भी अच्छे लोगों की संख्या समाज में ज्यादा है। यह दीगर बात है कि हम वैसे लोगों को देख नहीं पाते हैं। यह दुनिया बहुत खूबसूरत है। बस उसे देखने के लिए आंखें होनी चाहिए। रिश्ते अगर जुड़ गये तो हालात जैसे भी हों,तोड़े नहीं जाते हैं। यहां चंद्रश ने वही कर दिखाया है। निश्चित रूप से यह शादी आदर्श शादी के रूप में वर्षों याद की जायेगी। वैसे भी लड़की वालों की मनोदशा का अंदाजा लगाना इतना आसान नहीं है। कारण वह सब कुछ दांव पर लगाकर अपनी लड़की की शादी करता है। अगर कहीं कोई व्यवधान होता है तो उसके उपर क्या गुजरती है,वह वहीं जानता है। ऐसे में यह शादी यह बताती है कि आज भी रिश्ते की कद्र करने वालों की कोई कमी नहीं है। बस उसे देखने वालों की दृष्टि चाहिए। शादी दो बंधनों का अटूट रिश्ता है। हालात जैसे हों,निभाने वाला निभा जाता है। बस देखती रहती है दुनियां। देखा जाये तो आज भी कई शादियां आदर्श शादी की छाप छोड़ जाती हैं। बस रह जाती हैं उनकी यादें। विवाह जिसे शादी भी कहा जाता है,दो लोगों के बीच एक सामाजिक या धर्मिक मान्यता प्राप्त मिलन है जो उन लोगों के बीच,साथ ही उनके और किसी भी परिणामी जैविक या दत्तक बच्चों तथ समधियों के बीच अधिकारों और दायित्वों को स्थापित करता है। जिसे आज हमलोग उत्सव भी कह सकते हैं।बदलते समाज और उसकी सोच जो समाज में अच्छा मैसेज देती हैं,उन्हें सराहना सब ओर मिलनी चाहिए।

**अपनी शादी के दिन चंद्रेश एक एंबुलेंस मंगवाया और उसी से शाहपुर कोयल नदी स्थित कोयल रिवर ब्यू होटल में शादी के मंडप में शादी करने पहुंच गया। यह नजारा देख उपस्थित लोग दंग रह गये।**

# आयकर सर्वेक्षण के संबंध में अधिकार





नारायण जैन

***भारत*** में कर प्रणाली हमेशा ही आम लोगों के लिए एक जटिल और अबूझ पहेली बनी रहती है। यही वजह है कि जीविकोपार्जन करने वाले लोगों से जुड़ी आयकर प्रणाली के बारे में भी ज्यादा जानकारी नहीं होती। देश के आयकरदाता के एक बड़े वर्ग को आयकर की याद आमतौर पर जुलाई के महीने में आती है, जब टैक्स रिटर्न फाइल करने का आखिर समय आता है। नौकरीशुदा लोगों को अपने ऑफिस में अप्रैल के महीने में इनवेस्टमेंट प्रोजेक्शन जमा करते वक्त और फरवरी में एक्चुअल इनवेस्टमेंट डिटेल जमा करते वक्त भी इसकी याद आती है। लेकिन आयकर जमा करने वाले लोगों के एक बड़े वर्ग के लिए आयकर से जुड़ी प्रक्रिया एक जटिल पहेली के समान होती है। इसलिए सबसे ज्यादा जरूरी प्रक्रिया को समझने की है। लोग जितना ज्यादा इस प्रक्रिया को समझेंगे, उतना ही उसमें कम गलतियां होने की संभावना बनेगी। ध्यान दें तो ज्यादातर लोगों को ये ही पता नहीं होता है कि आयकर सर्वेक्षण का तात्पर्य क्या होता है। आइये इससे जुड़े प्रावधानों, अधिकारों और अधिकारियों की शक्तियों के बारे में जानते हैं।

आयकर अधिकारियों (आयकर निरीक्षक के अलावा) के पास धारा 133ए के तहत सर्वेक्षण के संबंध में निम्नलिखित शक्तियां हैः सर्वेक्षण स्थल पर उपलब्ध खाते की पुस्तकों या अन्य दस्तावेजों का निरीक्षण करना। वे पहचान चिह्न लगा सकते हैं और उसके उद्धरण और प्रतियां बना सकते हैं।

वे सर्वे स्थल पर नकदी, स्टॉक या अन्य मूल्यवान वस्तुओं या चीजों की जांच या सत्यापन कर सकते हैं। वे ऐसी संपत्तियों की सूची बना सकते हैं। वे ऐसी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जो आयकर कार्यवाही के लिए उपयोगी या प्रासंगिक हो सकती है, जिसे अंतिम रूप दिया जा चुका है या जो लंबित हो सकती है या सर्वेक्षण की तारीख के बाद शुरू की जा सकती है।

वे आयकर अधिनियम के तहत कार्यवाही से संबंधित किसी भी व्यक्ति का बयान दर्ज कर सकते हैं।

आयकर प्राधिकारी किसी समारोह, समारोह या कार्यक्रम के संबंध में एक निर्धारिती द्वारा किये गये व्यय की प्रकृति और पैमाने को ध्यान में रखते हुए प्रासंगिक जानकारी मांग सकता है। वे इस संबंध में निर्धारिती या किसी व्यक्ति का बयान भी दर्ज कर सकते हैं, लेकिन इन अधिकारों का प्रयोग केवल समारोह या कार्यक्रम के बाद ही किया जा सकता है। आपको बता दें कि आयकर निरीक्षक के पास इन अधिकारों में से केवल उपरोक्त (4) और (5) के संबंध में अधिकार है। इस प्रकार यदि कोई निरीक्षक शपथ पर बयान दर्ज करता है या नकदी या स्टॉक सूची तैयार करता है, तो वह अपनी शक्ति से परे कार्य करता है और इसे अवैध माना जायेगा। (आयकर अधिकारी बनाम ज्वेल्स एम्पोरियम 48 आईटीडी 164 इंदौर ट्रिब्यूनल)। सबसे अहम बात, जिसे हर आयकरदाता को जानना चाहिए, वो ये है कि आयकर अधिकारियों के पास सर्वेक्षण के दौरान किसी भी नकदी, स्टॉक या अन्य मूल्यवान वस्तुओं या चीजों को हटाने या जब्त करने का या ले जाने का अधिकार नहीं है। ऐसी शक्तियां केवल तलाशी और जब्ती के दौरान ही उपलब्ध होती हैं।

**धारा 133ए (3) के अनुसार सर्वे के दौरान अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किये गये खाते की पुस्तकों या अन्य दस्तावेजों को जब्त करने का अधिकार है। लेकिन आयकर निरीक्षक को यह अधिकार नहीं है।**

**इन दिनों**

2. कोई भी स्थान, जहां धर्मार्थ उद्देश्य, शिक्षा, चिकित्सा और इसी तरह की अन्य गतिविधियां की जाती हैं, का भी आयकर प्राधिकरण द्वारा सर्वेक्षण किया जा सकता है।

3. धारा 133ए (3) के अनुसार सर्वे के दौरान अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किये गये खाते की पुस्तकों या अन्य दस्तावेजों को जब्त करने का अधिकार है। लेकिन आयकर निरीक्षक को यह अधिकार नहीं है। सर्वे के दौरान जब्त किये गये खाते की पुस्तकों या दस्तावेजों को रखने की अवधि 15 दिन (छुट्टियों को छोड़कर) है। इसे प्रधान मुख्य आयुक्त या निर्धारित प्राधिकारी के अनुमोदन से बढ़ाया जा सकता है।

4. सुभा और प्रभा बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड बनाम आयकर अधिकारी [2009] 318 आईटीआर 29 (कर्नाटक) के मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 342 आईटीआर 14 (कर्नाटक) में डिवीजन बेंच द्वारा पुष्टि की कि चूंकि जब्त करने का अधिकार कुछ दिनों के लिए है, विस्तार कुछ दिनों के लिए ही दिया जा सकता है, महीनों या वर्षों के लिए नहीं। विस्तार केवल एक बार दिया जा सकता है, बार-बार नहीं। धारा 131 के तहत यह निर्णय धारा 133ए के तहत पुस्तकों को जब्त करने के लिए भी उतना ही कारगर है।

5. धारा 133ए (2ए) के अनुसार आयकर अधिकारी टीडीएस/ टीसीएस प्रावधानों के अनुपालन को सत्यापित करने के लिए सर्वेक्षण कर सकते हैं। अधिकारी सूर्योदय के बाद और सूर्यास्त से पहले व्यावसायिक परिसर में प्रवेश कर सकते हैं।

**अति गोपनीय/ व्यक्तिगत डेटा**

6. टीडीएस/टीसीएस के लिए सर्वेक्षण के मामले में अनुपालन प्राधिकारियों को निम्नलिखित अधिकार नहीं हैः

(ए) उनके द्वारा निरीक्षण किये गये खाते की पुस्तकों और अन्य दस्तावेजों पर पहचान के निशान लगाने के लिए और ऐसे प्राधिकारी उद्धरण या प्रतियां नहीं बना सकते हैं।

(बी) सर्वे के दौरान निरीक्षण की गई लेखा पुस्तकों या किसी अन्य दस्तावेज को जब्त करने या ले जाने का अधिकार नहीं है। (सी) ऐसे सर्वे के दौरान जांची गई या सत्यापित किसी भी नकदी, स्टॉक या अन्य मूल्यवान वस्तु या चीज की एक सूची बनाने का अधिकार नहीं है।

7. श्रीमती रुमेना रहमान बनाम यूनियन ऑफ इंडिया के मामले में गौहाटी उच्च न्यायालय [2004] 265 आईटीआर 16 (गौ.) में कहा गया है कि सर्वेक्षण के स्थान से दस्तावेजों, बही-खातों, फाइलों आदि को हटाकर एक अलग कमरे में ताले और चाबी के नीचे रखा जाय और कमरे के प्रवेश द्वार पर एक पेपर सील लगाई जाय। तो ऐसा करना खाते की पुस्तकों को जब्त करने के समान है। **(लेखक, वरिष्ठ वकील और आयकर प्रणाली के जानकार हैं।)**

**बोधि वृक्ष**

## *आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा*

राजा बोले - हे साधो! पुत्र आदि की प्राप्ति की कामना से अपने बन्धु-बान्धवों के साथ मैं अतुल तेज सम्पन्न भगवान् विष्णु का व्रत एवं पूजन कर रहा हूं। राजा की बात सुनकर साधु ने आदरपूर्वक कहा - राजन् ! इस विषय में आप मुझे सब कुछ विस्तार से बतलाइये, आपके कथनानुसार मैं व्रत एवं पूजन करूंगा। मुझे भी संतान नहीं है। 'इससे अवश्य ही संतान प्राप्त होगी।' ऐसा विचार कर वह व्यापार से निवृत्त हो आनन्दपूर्वक अपने घर आया। उसने अपनी भार्या से संतति प्रदान करने वाले इस सत्यव्रत को विस्तार पूर्वक बताया तथा - 'जब मुझे संतान प्राप्त होगी तब मैं इस व्रत को करूंगा' - इस प्रकार उस साधु ने अपनी भार्या लीलावती से कहा। एक दिन उसकी लीलावती नाम की सती-साध्वी भार्या पति के साथ आनन्द चित्त से ऋतुकालीन धर्माचरण में प्रवृत्त हुई और भगवान् श्रीसत्यनारायण की कृपा से उसकी वह भार्या गर्भिणी हुई। दसवें महीने में उससे कन्यारत्न की उत्पत्ति हुई और वह शुक्लपक्ष के चन्द्रमा की भांति दिन-प्रतिदिन बढ़ने लगी। उस कन्या का 'कलावती' नाम रखा गया। इसके बाद एक दिन लीलावती ने अपने स्वामी से मधुर वाणी में कहा - आप पूर्व में संकल्पित श्री सत्यनारायण के व्रत को क्यों नहीं कर रहे हैं? साधु बोला - प्रिये! इसके विवाह के समय व्रत करूंगा। इस प्रकार अपनी पत्नी को भली भांति आश्वस्त कर वह व्यापार करने के लिए नगर की ओर चला गया। इधर कन्या कलावती पिता के घर में बढ़ने लगी। तदनन्तर धर्मज्ञ साधु ने नगर में सखियों के साथ क्रीड़ा करती हुई अपनी कन्या को विवाह योग्य देखकर आपस में मन्त्रणा करके कन्या विवाह के लिए श्रेष्ठ वर का अन्वेषण करो - ऐसा दूत से कहकर शीघ्र ही उसे भेज दिया। उसकी आज्ञा प्राप्त करके दूत कांचन नामक नगर में गया और वहां से एक वणिक का पुत्र लेकर आया।

*(क्रमशः)*

# गैंगस्टरों की गैरकानूनी आजादी पर बुलडोजर की तैयारी


किशन भावनानी गोंदिया

***वैश्विक*** स्तरपर आज अनेक देश आतंकवाद, अपराध, हिंसा से जूझ रहे हैं इसका ताजा उदाहरण हम फ्रांस में भड़की हिंसा से समझ सकते हैं। बता दें हमारे पीएम 13 जुलाई को फ्रांस जाकर 14 जुलाई 2023 को बैस्टिल डे परेड में शामिल होंगे और 26 राफेल एंड (मरीन) लड़ाकू विमानों का सौदा होने की उम्मीद है। भारत घरेलू हिंसा से अधिक बॉर्डर क्षेत्रोंसे हिंसा घुसपैठ आतंकी हमलों सेअधिक पीड़ित है परंतु घरेलू हिंसा का मुख्य जरिया जेल में बंद बड़े-बड़े गैंगस्टर को भारतीय सुरक्षा एजेंसियां मानती है क्योंकि वह जेलमें बैठे-बैठे ही अपना रैकेट चलाते हैं,वसूली हिंसा हत्याओं को अंजाम देते हैं। पिछले कुछ वर्षों का आंकलन हम चार राज्यों की जेलों का करें तो मीडिया में बात सामने आती है कि वहां गैंगस्टरों द्वारा घटनाओं को अंजाम दिया जाता है।अगर कोई गैंगस्टर जेल में ही स्विमिंग पूल बना सकता है, मोबाइल वीडियो कॉलिंग मनमाफिक मुलाकात वीआईपी सुविधाएं ले सकता है तो मेरा मानना है वह उच्चस्तरीय और जेल प्रशासन से मिलीभगत के सिवाय नामुमकिन है। वैसे भी दिल्ली की नामी जेल में अनेकों वारदातें होती रहती है, परंतु पिछले महीनों एक टिल्लू नामक कैदी की हत्या जिस तरह सीसीटीवी मीडिया कैमरों में दिखाया गया उससे कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसीलिए ही उस केस में अनेक जेल अधिकारियों को उनके गृह राज्य वापस ट्रांसफर कर दिया गया था परंतु समस्या जस की तस बनी हुई है। इसीलिए अब राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) ने अनेकों गैंगस्टरों की लिस्ट बनाकर उन्हें कालापानी जिसकी चर्चा हम नीचे करेंगे और डिब्रूगढ़ जेल स्थानांतरित करने की सिफारिश गृह मंत्रालय को की है, जो कैदियों के लिए एक नर्क का स्थान है। हमने बचपन में कालापानी की सजा का नाम सुन चुके हैं परंतु इसका मतलब मालूम नहीं था जिसकी चर्चा आज हम करेंगे। वैसे भी भारतीय जिलों में उनकी क्षमता से लगभग दोगुनी से अधिक संख्या में कैदी बंद हैं। दिल्ली के प्रतिष्ठित जेल में ही 5200 के स्थान पर 13000 से अधिक कैदी बंद है तो अन्य बाकी जिलों का अंदाजा लगाया जा सकता है। चूंकि अभी एनआईए ने गृह मंत्रालय से अनेकों कैदियों को कालापानी भेजने की सिफारिश की है, इसलिए आज हम मीडिया और एक टीवी चैनल ने बताई जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अपराध से करोगे यारी तो कालापानी भेजने की होगी तैयारी, जिंदगी नर्क बनेगी सारी। साथियों बात अगर हम देश के बड़े गैंगस्टरों को कालापानी भेजने की प्लानिंग की करें तो, देश के हार्डकोर और दहशतगर्द गैंगस्टरों को तिहाड़ जेल से निकालकर राजधानी से 3600 किलोमीटर दूर कालापानी जेल के नाम से फेमस अंडमान निकोबार की जेलों में शिफ्ट किया जायेगा।

**पिछले कुछ वर्षो का आंकलन हम चार राज्यों की जेलों का करें तो मीडिया में बात सामने आती है कि वहां गैंगस्टरों द्वारा घटनाओं को अंजाम दिया जाता है।**

**अपराध जगत**

एनआईए की प्लानिंग पर अगर गृहमंत्रालय की मुहर लग जाती है तो वाकई में गैंग्स्टर्स के लिए वह काला दिन साबित होगा। हार्डकोर गैंगस्टर्स और सरकारों के नाक में दम करने वालों की अब खैर नहीं है। यह खबर सुनकर देश में गैंग्स्टर्स लॉबी के बीच खलबली मच सकती है। उनके माथे पर चिंता की लकीरें खींच सकती हैं। क्योंकि गैंग्स्टर लॉबी के नेक्सस को तोड़ने के लिए एनआईए ने एक फुलप्रूफ प्लान बनाया है।

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# राकांपा की फूट से विपक्षी एकता को झटका


ललित गर्ग

***वर्ष 2024*** के चुनाव से पूर्व भारतीय राजनीति के अनेक गुणा-भाग और जोड़-तोड़ भरे दृश्य उभरेंगे। महाराष्ट्र में ताजा राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए तो ऐसा ही लगता है। वहां जो हुआ है उससे विपक्ष में खलबली है, घबराहट एवं बेचैनी स्पष्ट देखी जा सकती है, जो पटकथा महाराष्ट्र में लिखी गयी है, वही बिहार में भी लिखी जा सकती है। राजनीतिक दलों के भ्रष्टाचार को दबाने के लिये, सत्ताकांक्षा एवं आंतरिक असंतोष के चलते ऐसे समझौते, दलबदल एवं उल्टी गिनतियां अब आम बात हो गयी है। कल तक सत्ता पक्ष को कोसने वाले अजित पवार अपनी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से बगावत कर डिप्टी सीएम बन गए हैं। राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले शरद पवार की पार्टी का यह हश्र आश्चर्यकारी ही नहीं, बल्कि एक बड़ा विरोधाभास एवं विपक्षी एकता का संकट भी है। एक तरफ इस तरह के घटनाक्रम को राजनीतिक दलों में आंतरिक असंतोष व गुटबाजी से जोड़ा जा सकता है तो दूसरी तरफ सत्ता के उस स्वाद की आकांक्षा से भी, जिसे हर कोई पाना चाहता है। राजनीतिक दलों में बगावत का ऐसा दौर जब भी होता है इस बात को जोर-शोर से प्रचारित किया जाता है कि उनके दल में लोकतंत्र नहीं रहा इसलिए वे अपने विरोधियों से हाथ मिला रहे हैं। बड़ा प्रश्न है कि इस तरह राजनीतिक दलों से लोकतंत्र गायब होता रहा है, तो ऐसे अलोकतांत्रिक दल कैसे देश के लोकतंत्र को हांक सकेंगे? आजकल राजनीति में उल्टी गिनती एक 'सूचक' बन गई है, 'किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक ऊटापटक या घटनाक्रम की शुरूआत के लिए'। विभिन्न राजनीतिक दलों में ऐसी कई उल्टी गिनतियां चल रही हैं। कई कद्दावर नेताओं के सार्वजनिक/ भावी जीवन की उल्टी गिनतियां चल रही हैं। करोड़ों-अरबों के घोटाले और रोज कोई न कोई उसमें और पलीता लगाने वालों के नाम जुड़ रहे हैं। इन पर ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स की कार्रवाई की गिनती शुरू हो रखी है। किसी की भी हालत ठीक नहीं है। ये उल्टी गिनतियां परिचायक हैं कोई नया पर्दा उठने की, किसी नये विस्फोट की। भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे नेताओं की कई उल्टी गिनतियां हुई, फलस्वरूप कई सरकारें गिरीं/बनीं/पर टिकी नहीं। अबकी बार कितनी दूर जायेगी-यह गिनती, पूरी होने पर ही मालूम होगा। पर कांप अभी से कई नेता रहे हैं। इसीलिये ऐसे बेमैल गठबंधन एवं ऊटापटक देखने को मिल रही है, आम चुनाव आने तक ऐसे तरह-तरह के परिदृश्य उभरेंगे। ऐसे में देखना होगा कि जांच एजेंसियां इन नेताओं के कथित भ्रष्टाचार के मामलों में आगे क्या करती हैं। बहरहाल, दलबदल भले ही महाराष्ट्र में हुआ हो, इसकी सबसे बड़ी चोट राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता पर पड़ी है। शरद पवार विपक्ष के सबसे कद्दावर नेताओं में हैं और विपक्षी एकता के प्रयासों में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में उनके पैरों के नीचे से उनकी लगभग पूरी पार्टी को खींच कर भाजपा ने यह संदेश दिया है कि विपक्षी नेता जो भी दावे करें, उनकी पार्टी ही उनके काबू में नहीं है। यह बहुत बड़ा संदेश है, जिसका जबाव तलाशना भी विपक्षी दलों के लिए जरूरी है। भाजपा एक सक्षम एवं ताकतवर पार्टी है, नरेन्द्र मोदी एवं अमित शाह करिश्माई राजनेता है, अनेकानेक विशेषताओं वाले इन दोनों नेताओं की एक बड़ी विशेषता यह है कि ये अपने साथ दगा करने, धोखा देने या विश्वासघात करने वालों को कभी माफ नहीं करते।

**कई कद्दावर नेताओं के सार्वजनिक/ भावी जीवन की उल्टी गिनतियां चल रही हैं। करोड़ों-अरबों के घोटाले और रोज कोई न कोई उसमें और पलीता लगाने वालों के नाम जुड़ रहे हैं।**

**राजनीति**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# यूपीएससी में ऑफिसर्स के कई पदों पर निकली वैकेंसी, 13 जुलाई है आवेदन की लास्ट डेट

सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है। संघ लोक सेवा आयोग यानी की यूपीएससी की तरफ से 261 पदों पर आवेदन मांगा गया है। इन पदों पर 13 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है। संघ लोक सेवा आयोग यानी की यूपीएससी की तरफ से कई पदों पर नोटिफिकेशन जारी किया गया है। आवेदन के इच्छुक और योग्य उम्मीदवार इन पदों पर रुचि और योग्यतानुसार आवेदन कर सकते है। यूपीएससी की तरफ से जारी ऑफिसर भर्ती 2023 के नोटिफिकेशन के अनुसार, कुल 261 पदों पर भर्ती की जाएंगी। जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक जूनियर ट्रांसलेशन ऑफिसर, लिवस्टॉक अधिकारी, जूनियर साइंटिफिक ऑफिसर, एयर वर्थनेस ऑफिसर, एयर सेफ्टी अधिकारी, लोक अभियोजक, असिस्टेंट इंजीनियर, सहायक सर्वेक्षण अधिकारी, प्रधान अधिकारी, सीनियर लेक्चरर के पदों पर भर्तियां की जाएंगी।




## लास्ट डेट

इस पदों पर 24 जून 2023 से आवेदन शुरू हो गये हैं। वहीं आवेदन की लास्ट डेट 13 जुलाई 2023 रखी गई है। ऐसे में जो उम्मीदवार इन पदों पर आवेदन करना चाहते हैं। वह लास्ट डेट से पहले आवेदन कर दें। क्योंकि इस डेट के बाद किसी भी उम्मीदवार का फॉर्म नहीं लिया जाएगा। वहीं अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट www.upsc.gov.in पर विजिट कर सकते हैं।

## फीस

इन पदों पर आवेदन करने वाले सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 25 रुपए है। वहीं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पीडब्ल्यूडी, और महिलाओं के लिए आवेदन निशुल्क है। आवेदन शुल्क ऑनलाइन लिया जाएगा।

## आयु सीमा

यूपीएससी ऑफिसर भर्ती 2023 में पदों पर आवेदन करने के लिए आयु सीमा 50 वर्ष रखी गई है। आयु की गणना 13 जुलाई 2023 के हिसाब से की जाएगी। वहीं ओबीसी, एससी, एसटी, ईडब्ल्यूएस और आरक्षित वर्गों को आयु में नियमानुलार छूट दी जाएगी।

## क्वालिफिकेशन

जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक अलग-अलग पदों पर आवेदन के लिए क्वालिफिकेशन भी अलग-अलग है। ऐसे में उम्मीदवार यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर पदों के अनुसार शैक्षिक योग्यता देख सकते हैं।

## ऐसे करें आवेदन

सबसे पहले यूपीएससी की ऑफिशयल वेबसाइट पर जाएं।
फिर रिक्रूटमेंट लिंक पर क्लिक करें।
अब मांगी गई डिटेल्स को भरकर सबमिट पर क्लिक करें।
इसके बाद फॉर्म भरें और जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
इसके बाद फॉर्म की एक कॉपी अपने पास रख लें।

❖ अनन्या मिश्रा

# कोटक जूनियर स्कॉलरशिप के लिए कैसे करें आवेदन

कोटक जूनियर स्कॉलरशिप प्रोग्राम कोटक महिंद्रा ग्रुप का एक प्रोग्राम है। यह स्कॉलरशिप आर्थिक रूप से कमजोर 11वीं के छात्रों को आगे की शिक्षा के लिए दी जाएगी। इसके जरिए हर महीने INR 3,000 की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। कोटक महिंद्रा समूह की सीएसआर कार्यान्वयन एजेंसी कोटक एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा मुंबई महानगर क्षेत्र में आर्थिक रूप से वंचित वर्ग के कक्षा 11+ मेधावी छात्रों के लिए स्कॉलरशिप प्रोग्राम शुरू किया जा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को यह स्कॉलरशिप दी जाएगी। बता दें कि इस स्कॉलरशिप का उद्देश्य युवाओं के लिए समग्र शिक्षा और विकास के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाना है। जिससे कि छात्रों का भविष्य उज्जवल हो सके।
कोटक जूनियर स्कॉलरशिप 2023-24 के तहत मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के भीतर जूनियर कॉलेजों/स्कूलों में जिन छात्रों का कक्षा 11 में नामांकन है। उन्हें अपनी आगे की शिक्षा जारी रखने के लिए हर महीने INR 3,000 की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
**पात्रता :** कोटक जूनियर स्कॉलरशिप 2023-24 पाने के लिए कक्षा 10 में छात्रों की बोर्ड परीक्षा में (SSC/CBSE/ICSE) में 85% से अधिक अंक मिले हों।
आवेदन करने वाले स्टूडेंट्स की पारिवारिक वार्षिक आय 3,20,000 रुपए या उससे कम होनी चाहिए।
स्टूडेंट्स के शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में मुंबई महानगर क्षेत्र में कला, वाणिज्य और विज्ञान स्ट्रीम विषयों के साथ मुंबई के जूनियर कॉलेजों / स्कूलों में कक्षा 11 में एडमिशन होना चाहिए।
**फायदा :** कोटक जूनियर स्कॉलरशिप 2023-24 के तहत स्टूडेंट्स INR 3,000 प्रति माह की छात्रवृत्ति दी जाएगी।
**कैसे मिलेगी स्कॉलरशिप :** तिमाही आधार पर इस छात्रवृत्ति राशि की प्रतिपूर्ति की जाएगी। शैक्षणिक व्यय उद्देश्यों जैसे कि ट्यूशन फीस, किताबें, स्टेशनरी, यात्रा और अन्य संबंधित शैक्षिक जरूरतों के लिए यह स्कॉलरशिप दी जाएगी। कोटक एजुकेशन फाउंडेशन की विशिष्ट आवश्यकताओं के आधार पर इस फंड के उपयोग को आगे बढ़ाया जा सकता है।
**डॉक्यूमेंट्स :** कलेक्टर कार्यालय (या तो महाराष्ट्र या भारतीय सरकार) से आय प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।
**पासपोर्ट फोटो**
छात्र और उनके माता-पिता का आधार कार्ड
परिवार में कमाने वाले सदस्य का पैन कार्ड
एसएससी (कक्षा 10) की मार्कशीट
विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र
यदि परिवार का कोई सदस्य आयकर यानी की इनकम टैक्स का भुगतान करता है तो 26एएस के साथ आईटी रिटर्न की कॉपी
माता-पिता में से यदि किसी की मृत्यु हो गई हो तो मृत्यु प्रमाण पत्र
स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने वाले छात्र के बैंक अकाउंट का विवरण
**ऐसे करें आवेदन**
कोटक जूनियर स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने के लिए पर जाकर क्लिक करें।
बडी4स्टडी में अपनी रजिस्टर्ड आईडी से लॉग इन करेने के बाद 'एप्लीकेशन फॉर्म पेज' पर आ जाएं।
अगर आप बडी4स्टडी पर पंजीकृत नहीं है तो इस पर अपने ईमेल, मोबाइल नंबर और जीमेल अकाउंट से पंजीकरण करें।
आवेदन करने के लिए 'आवेदन प्रारंभ करें' पर क्लिक करें।
इसके बाद मांगा गया विवरण भरें।
फिर डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
'नियम और शर्तें' स्वीकार करें और 'पूर्वावलोकन' पर क्लिक करें।
इस पर क्लिक करने के बाद स्क्रीन पर आपके द्वारा भरी गई जानकारी आ जाएगी। इसे दोबारा चेक करने के बाद सबमिट कर दें।
इस तरह से आपका कोटक जूनियर स्कॉलरशिप के लिए आवेदन हो जाएगा।

# रटने की जगह इन टिप्स की मदद से करें पढ़ाई

अक्सर कई छात्रों के साथ यह समस्या होती है कि वह पढ़ा हुआ लंबे समय तक याद नहीं रख पाते। या फिर एग्जाम के दौरान सब भूल जाते हैं। ऐसे में आप इन टिप्स की मदद से पढ़ी हुई चीजें ज्यादा समय तक याद रख सकते हैं। अक्सर छात्रों के साथ यह समस्या होती है कि वह चाहे कितना भी प्रयास कर लें, लेकिन उनके द्वारा याद किए हुए चैप्टर्स याद नहीं रहते। या फिर जो वह पढ़ते हैं यदि वह याद भी रहा तो एग्जाम के समय सब भूल जाते हैं। अगर आपके बच्चे के साथ भी इस तरह की समस्या है तो यह आर्टिकल आपके लिए है।
**नोट्स जरूर बनाएं :** स्टूडेंट्स को पढ़ाई करते समय कॉपी पेन लेकर जरूर बैठना चाहिए। साथ ही आप जरूरी प्वाइंट्स को नोट करते हुए चलें। ऐसा करने से आपको चीजें लंबे समय तक याद रहेंगी। क्योंकि लिखकर बनाए गए नोट्स ज्यादा समय तक आपके दिमाग में टिकती हैं।
**जरूर लें ब्रेक्स :** जब आप लगातार कई घंटो तक पढ़ाई करते रहते हैं तो आपका ब्रेन थक जाता है और रिटेन नहीं कर पाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप हर आधे घंटे में खुद को 5 मिनट का ब्रेक दें। इससे आपके ब्रेन को भी आराम मिलेगा और पढ़ा हुआ लंबे समय तक याद रहेगा।



**फोकस रहें :** जब आप पूरे फोकस के साथ पढ़ाई करते हैं तो आपको चीजें ज्यादा समय के लिए याद रहती हैं। लेकिन जब आपका ध्यान कहीं और होता है तो आप पढ़ा हुआ भूल जाते हैं। फोकस के साथ पढ़ाई करने से आप ज्यादा से ज्यादा इंफॉर्मेशन को अधिक समय तक याद रख पाएंगे।
**रिवीजन करें :** पढ़ी हुई चीज को याद रखने का सबसे अच्छा तरीका है कि जो भी आप पढ़ रहे हैं, उसे दूसरों को भी समझाएं व पढ़ाएं। ऐसा करने से आपका रिवीजन होता है। या आप चाहें तो अपने किसी दोस्त के साथ पढ़े हुए चैप्टर्स पर चर्चा कर सकते हैं। इससे पढ़ा हुआ चैप्टर भूलने की संभावना न के बराबर होती है।
**रिलेट करें :** किसी भी चीज को पढ़ते समय कोशिश करें कि आप उसे रियल लाइफ से रिलेट कर पाएं। इससे याद किया हुआ पक्का हो जाता है। इस तरह से पढ़ने से आप पढ़े हुए चैप्टर्स को अच्छे से समझ पाएंगे।
**रटने की कोशिश न करें :** कई स्टूडेंट्स चैप्टर्स को रटने की कोशिश करते हैं। ऐसे में चैप्टर को अच्छे से समझ कर पढ़ना चाहिए। रट्टा मारने की कोशिश न करें। क्योंकि रट्टा मारने से आपको लंबे समय तक पढ़ी हुई चीजें याद नहीं रहेंगी।
**गोल्स जरूर बनाएं :** हर हफ्ते छोटे-छोटे गोल्स जरूर बनाएं। फिर इन गोल्स को पूरा करने का प्रयास करें। ऐसा करने से भी आपको एग्जाम के दौरान स्ट्रेस नहीं होगा। पढ़ा हुआ भी लंबे समय तक याद रहेगा।

# शोधकर्ताओं ने पहाड़ी क्षेत्र में मिट्टी के कार्बनिक का अनुमान लगाया

पारंपरिक खेती के साथ ऐसी नाजुक भूमि में फसल उत्पादकता मिट्टी के प्राकृतिक संवर्धन पर निर्भर करती है। मिट्टी की उर्वरता स्थिति की समय पर जांच और एसओसी के मात्रात्मक मूल्यांकन के आधार पर उचित वैज्ञानिक हस्तक्षेप फसल उत्पादन और कार्बन पृथक्करण को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं।
मिट्टी की कार्बन ग्रहण करने की क्षमता मुख्य रूप से स्थानीय स्थलाकृतिक सेटिंग्स, मिट्टी-फसल प्रबंधन और पारंपरिक कृषि पद्धतियों द्वारा नियंत्रित होती है। शोधकर्ताओं की एक टीम ने मेघालय में अलग-अलग ढलानों और पारंपरिक कृषि पद्धतियों के तहत चावल-परती प्रणाली के मृदा कार्बनिक कार्बन (एसओसी) का अध्ययन किया है।



समग्र मृदा स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु परिवर्तन और खाद्य समाधान में एसओसी का प्रमुख योगदान है। पिछले 20 वर्षों में भू-स्थानिक उपकरणों और तकनीकों का उपयोग करते हुए, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इंफाल और उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र, अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार, उमियाम, मेघालय की टीम ने अतीत में पारंपरिक प्रबंधन अभ्यास के तहत एसओसी में हुए बदलावों की जांच की।
'पहाड़ी क्षेत्र की भूभाग जटिलता सूक्ष्म जलवायु क्षेत्र बनाती है जिसके परिणामस्वरूप असमान वनस्पति और बायोमास संचय होता है। ऐसी परिस्थितियों में, डिजिटल उन्नयन मॉडल के साथ रिमोट सेंसिंग-आधारित जानकारी एसओसी भविष्यवाणी के लिए सही संयोजन है,' शोधकर्ताओं ने बताया।
उत्तर पूर्व भारत में चावल प्रमुख फसल है जहां सीधे बीज वाले चावल की खेती की जाती है। मेघालय में, स्वदेशी आदिवासी खासी किसान पारंपरिक कृषि प्रणाली का पालन करते हैं। 'खासी पहाड़ियों के अन्न भंडार' (री-भोई जिला) में, स्थानीय किसान बीज बोते नहीं हैं बल्कि उन्हें फेंक देते हैं और फसल की प्रतीक्षा करते हैं। पारंपरिक खेती के साथ ऐसी नाजुक भूमि में फसल उत्पादकता मिट्टी के प्राकृतिक संवर्धन पर निर्भर करती है। मिट्टी की उर्वरता स्थिति की समय पर जांच और एसओसी के मात्रात्मक मूल्यांकन के आधार पर उचित वैज्ञानिक हस्तक्षेप फसल उत्पादन और कार्बन पृथक्करण को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं।
एसओसी आकलन के लिए अधिकांश पारंपरिक तरीके खेत की मिट्टी के नमूनों के प्रयोगशाला विश्लेषण पर आधारित हैं। लेकिन पहाड़ी इलाकों की जटिलता उन्नत भू-स्थानिक उपकरणों और तकनीकों के साथ अधिक मजबूत मूल्यांकन विधियों की मांग करती है। शोधकर्ता रिमोट सेंसिंग-आधारित सूचकांकों को एसओसी भविष्यवाणी और अस्थायी एसओसी वितरण मानचित्र तैयार करने के लिए आशाजनक चर मानते हैं।
पहाड़ी स्थलाकृति के महत्व को ध्यान में रखते हुए, एक उचित रूप से प्रबंधित पहाड़ी एसओसी भारत को अपने नेट शून्य लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।
टीम में बुल्लो यामी, एन.जे. सिंह, बी.के. हांडिक, और संजय स्वामी शामिल हैं। यह अध्ययन करंट साइंस में प्रकाशित हुआ है।

## सूडोकु नवताल- 6751

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6750 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## दैनिक पंचांग

**05 जुलाई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.15 बजे से |
| चंद्र | मकर में | सिंह | 08.31 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.43 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 12.54 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृश्चिक | 15.08 ब.से |
| शुक्र | कर्क में | धनु | 17.24 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 19.29 बजे से |
| राहु | मेष में | कुंभ | 21.16 बजे से |
| केतु | तुला में | मीन | 22.49 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.19 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | वृष | 01.59 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 03.57 बजे से |

**बुधवार** 2023 वर्ष का 186 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वितीया 10.03 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 05.40 बजे तदनन्तर श्रवण 02.56 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** वैधृति 07.47 बजे तदनन्तर विष्कुम्भ 03.48 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** गर 10.03 बजे तदनन्तर वणिज 20.16 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 50'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871665
**जूलियन दिन** 2460130.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 16

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 | बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 | बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 | बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 | बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 | बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 | बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 | बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 | बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 | बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 | बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 | बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7813

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | |
| 9 | 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| ■ | | ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ |
| 14 | | | | ■ | 15 | | | |
| ■ | | ■ | 16 | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 19 | 20 |
| | ■ | 21 | 22 | | 23 | 24 | ■ | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1. धनुर्धर-2,2
4. तरुणी, नाजनीन-4
7. संतुष्ट होना-5
9. टेलीग्राम-2
11. महोदय (अंग्रेजी-2)
12. कटि, कमरिया-3
14. फटकार, भर्त्सना-4
15. वतन, स्वदेश-4
16. पार होना, पार करना-3
18. विद्रोही-2
19. गरीब, निर्धन-2
21. लोचदार, लचकदार-5
25. पारंपरिक, पुरातन-4
26. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4

**ऊपर से नीचे**
1. शीघ्रता, जल्दी-3
2. मूल्य, कीमत-2
3. जनता, आम आदमी-2
4. किनारा, कोरा-2
5. इंकार, मनाही-2
6. पानी गर्म करने का यंत्र-3
8. भ्रम, वहम-3
10. साधु, संन्यासी-3,2
11. मुलायम सिंह की राजनीतिक पार्टी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. जिव्हा, जीभ-3
17. रसदार, रसभरा-3
18. कारण, वजह-3
20. नेत्र, लोचन-3
21. बुरी आदत-2
22. एक पड़ोसी देश-2
23. पराया, पंख-3
24. रग, नाड़ी-2

**शब्द पहेली -7812 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | शा | र | दा | ■ | सा | हि | ल | ■ |
| दा | म | ■ | न | ■ | ल | ■ | त | ब |
| खि | ■ | प्रा | ब | धा | न | ■ | ■ | रा |
| ल | ब | ण | ■ | न | ■ | त | ह | त |
| ■ | ■ | ना | म | ■ | रा | ह | ■ | ■ |
| तो | र | थ | ■ | स | ■ | ल | ग | न |
| स | ■ | ■ | मु | त | ल | का | ■ | क |
| रा | ज | ■ | नी | ■ | ह | ■ | बे | दा |
| ■ | न | र | म | ■ | जा | हि | ल | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृष राशि :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

**मिथुन राशि :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कर्क राशि :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**सिंह राशि :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे।

**कन्या राशि :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**तुला राशि :** योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**वृश्चिक राशि :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**धनु राशि :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मकर राशि :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी।

**कुंभ राशि :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मीन राशि :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


NEWS इन ब्रीफ

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैदराबाद पहुंची




**हैदराबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महान स्वतंत्रता सेनानी अल्लुरी सीताराम राजू की 125वीं जयंती के समापन समारोह में भाग लेने के लिए मंगलवार को यहां पहुंचीं। तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन, मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी और राज्य के कई मंत्रियों ने यहां हकीमपेट वायु सेना अड्डे पर राष्ट्रपति मुर्मू का स्वागत किया। वह अल्लुरी सीताराम राजू की 125वीं जयंती के समापन समारोह में भाग लेंगी और वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगी।

### सिसोदिया की पत्नी की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया को मंगलवार को यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह स्व-प्रतिरक्षित विकार (ऑटोइम्यून डिस्ऑर्डर) से ग्रस्त हैं। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि तबियत खराब होने के बाद सीमा सिसोदिया को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गत कुछ सप्ताह में सीमा सिसोदिया (49) को तीसरी बार अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# आतंकवाद पर निर्णायक कार्रवाई जरूरी : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंतकवाद को क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए प्रमुख खतरा करार देते हुए मंगलवार को कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीतियों के औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं तथा शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) को ऐसे देशों की आलोचना करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल माध्यम से शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखर बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। बैठक में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आदि ने हिस्सा लिया। मोदी ने कहा, आंतकवाद क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए प्रमुख खतरा बना हुआ है। इस चुनौती से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है।

आतंकवाद चाहे किसी भी रूप में हो, किसी भी अभिव्यक्ति में हो, हमें इसके विरुद्ध मिलकर लड़ाई लड़नी होगी। पाकिस्तान के परोक्ष संदर्भ में उन्होंने कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीतियों के औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, आतंकवादियों को पनाह देते हैं और एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए। अफगानिस्तान का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अफगानिस्तान को लेकर भारत की चिंताएं और अपेक्षाएं एससीओ के अधिकांश देशों के समान हैं। हमें अफगानिस्तान के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि भारत और अफगानिस्तान के लोगों के बीच सदियों पुराने मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं और पिछले दो दशकों में हमने अफगानिस्तान के आर्थिक और सामाजिक विकास में काफी योगदान दिया है।

मोदी ने कहा कि 2021 के घटनाक्रम के बाद भी हम मानवीय सहायता भेजते रहे हैं। यह आवश्यक है कि अफगानिस्तान की भूमि पड़ोसी देशों में अस्थिरता फैलाने या चरमपंथी विचारधाराओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयोग न की जाए। 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के बाद वहां की सत्ता पर तालिबान ने कब्जा कर लिया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, वर्तमान समय में वैश्विक स्थिति एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर है। विवादों, तनावों और महामारी से घिरे विश्व में खाद्यान्न, ईंधन और उर्वरक संकट सभी देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें मिलकर यह विचार करना चाहिए कि क्या हम एक संगठन के रूप में हमारे लोगों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने में समर्थ है। क्या हम आधुनिक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है? क्या एससीओ एक ऐसा संगठन बन रहा है जो भविष्य के लिए पूरी तरह से तैयार है? उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) पूरे यूरेशिया क्षेत्र में, शान्ति, समृद्धि और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म के रूप में उभरा है। मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र के साथ, भारत के हजारों वर्ष पुराने सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंध, हमारी साझा विरासत का जीवंत प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि एससीओ के अध्यक्ष के रूप में, भारत ने हमारे बहुआयामी सहयोग को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयास किये हैं।

मोदी ने कहा कि इन सभी प्रयासों को हमने दो मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित किया है। इसमें पहला बसुधैव कुटुम्बकम यानी पूरी धरती हमारा परिवार है और दूसरा सुरक्षा, अर्थव्यवस्था एवं व्यापार, संपर्क, एकता, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और पर्यावरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने एससीओ में सहयोग के पाँच नए स्तंभ बनाए हैं जिसमें स्टार्टअप एवं नवाचार, पारंपरिक औषधि, डिजिटल समावेशिता और युवा सशक्तीकरण, साझी बौद्ध धरोहर शामिल हैं। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में भारत, रूस, चीन, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिजिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। इसे एक महत्वपूर्ण आर्थिक एवं सुरक्षा समूह माना जाता है । भारत ने एससीओ की अध्यक्षता पिछले वर्ष 16 सितंबर को समरकंद शिखर सम्मेलन के दौरान संभाली थी। इस समूह के दो निकाय- सचिवालय और एससीओ क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी ढांचे (एससीओ रैट्स) के प्रमुख भी मंगलवार को इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। इस शिखर बैठक का मुख्य विषय सुरक्षित एससीओ की ओर (टूवर्ड सिक्योर एससीओ) है।

# महाराष्ट्र : बेकाबू कंटेनर होटल में घुसा, 13 की मौत, 20 घायल

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के धुले जिले में शिरपुर तहसील के पलासनेर गांव के पास मुंबई-आगरा हाईवे पर मंगलवार सुबह एक भीषण हादसा हो गया। ब्रेक फेल होने के बाद बेकाबू एक कंटेनर दो वाहनों को टक्कर मारते हुए एक होटल में घुसकर पलट गया। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 20 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को शिरपुर ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस निरीक्षक हेमंत पाटिल के अनुसार 14 पहिए का



कंटेनर मध्यप्रदेश से महाराष्ट्र की ओर आ रहा था। मंगलवार सुबह लगभग 10.30 बजे मुंबई-आगरा हाईवे पर मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के सीमावर्ती गांव में पलासनेर इलाके में ढलान पर अचानक कंटेनर का ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद बेकाबू कंटेनर दो वाहनों को टक्कर मारते हुए एक होटल में घुस गया। कंटेनर की स्पीड इतनी अधिक थी कि होटल के आगे से घुसा कंटेनर पीछे की दीवार तोडकर निकल गया और वहीं पलट गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई थी, जबकि शिरपुर ग्रामीण अस्पताल में इलाज के दौरान आठ लोगों की मौत हो गई है। शिरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य चलाया। इस घटना की जानकारी मिलते ही धुले जिले के पुलिस अधीक्षक संजय बारकुंड पुलिसबल सहित मौके पर पहुंच गए।

# विश्व की महाशक्ति बनेगा भारत : गडकरी

**एजेंसी। प्रतापगढ़**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जल्द दुनिया में भारत को विश्व की महाशक्ति बनाएगी। यह बात केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में राजस्थान के विभिन्न जिलों में 5 हजार 625 करोड़ की परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश ने विकास के नये आयामों को छुआ है, जिसकी चर्चा विदेशों में भी छाई रहती है। आज भारत विश्व के अग्रणी देशों में है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति उसकी जाति से बड़ा नहीं होता है, उसके गुणों से बड़ा होता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने राजस्थान में भी विकास की गंगा बहाई है।



राजस्थान में करीब 3 लाख करोड़ रुपये का हाइवे बन रहा है। गडकरी ने प्रतापगढ़ मुख्यालय पर करीब 200 करोड़ के बाईपास सहित 5 हजार 625 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कार्यक्रम से वर्चुअली जुडे। उन्होंने विकास कार्यों को लेकर गडकरी का आभार जताया। अपने करीब आधे घंटे के संबोधन के दौरान गडकरी ने गरीबी दूर करने की बात पर कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 75 साल में कांग्रेस ने 60 साल राज किया, देश की गरीबी तो दूर नहीं हुई, केवल कांग्रेसियों की गरीबी दूर हुई है।

### इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास व लोकार्पण

**गडकरी** ने राजस्थान में बुनियादी संरचना के विकास को और तेजी देते हुए प्रतापगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में 5 हजार 625 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। गडकरी ने कुल 3 हजार 775 करोड़ रुपये की लागत की और 219 किलोमीटर कुल लम्बाई की 4 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण किया। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर किशनगढ़ से गुलाबपुरा सेक्शन 6-लेन परियोजना से अजमेर तथा भीलवाड़ा जिलों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में गति मिलेगी। गुलाबपुरा से चित्तौड़गढ़ सेक्शन के 6-लेन बनने से भीलवाड़ा तथा चित्तौड़गढ़ जिलों की उदयपुर, जयपुर और कोटा क्षेत्रों की आपसी कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। फतेहनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग 162ए पर 4-लेन आरओबी के निर्माण से रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी। सीआरआईएफ के तहत मंडरायल में चंबल नदी पर हाई लेवल ब्रिज के निर्माण का भी लोकार्पण हुआ। इस पुल के बनने से राजस्थान में मंडरायल, करौली तथा मध्य प्रदेश में सबलगढ़ के बीच कनेक्टिविटी बनी रहेगी।

# भारत ने कनाडाई उच्चायुक्त कैमरन मैके को किया तलब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने खालिस्तानी पोस्टरों पर भारतीय राजनयिकों के नाम दिखाने को लेकर भारत में कनाडाई उच्चायुक्त कैमरन मैके को तलब किया। आठ जुलाई को ओटावा में भारतीय उच्चायोग और टोरंटो व वैंकूवर में दो वाणिज्य दूतावासों के बाहर खालिस्तान समर्थक आतंकवादी संगठनों द्वारा प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से पहले चिंता व्यक्त करने के लिए विदेश मंत्रालय ने मैके को सोमवार को तलब किया था। इस बीच, कनाडा ने पोस्टरों के प्रसार के बाद देश में भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। कनाडाई सरकार ने पोस्टरों को अस्वीकार्य बताया है और भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा के लिए कार्रवाई का संकल्प जताया। एक ट्वीट में, कनाडाई विदेश मंत्री मेलानी जॉय ने कहा, कनाडा राजनयिकों की सुरक्षा के संबंध में वियना कन्वेंशन के तहत अपने दायित्वों को बहुत गंभीरता से लेता है। 8 जुलाई विरोध प्रदर्शन की योजना के संबंध में ऑनलाइन प्रसारित कुछ प्रचार सामग्री के मद्देनजर कनाडा भारतीय अधिकारियों के साथ निकट संपर्क में है। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि कुछ लोगों की हरकतें पूरे समुदाय या कनाडा के बारे में नहीं सही नही हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा था कि कनाडा में खालिस्तानी तत्वों द्वारा पोस्टरों पर भारतीय राजनयिकों के नाम दिखाए जाने का मुद्दा कनाडा और अन्य देशों की सरकारों के साथ उठाया जाएगा, क्योंकि इससे संबंधों पर असर पड़ सकता है। जयशंकर ने कहा था, हमने कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे अपने साझेदार देशों से खालिस्तानियों को जगह नहीं देने का अनुरोध किया है।

### बिहार, बंगाल और झारखंड के डीजीपी ने कहा

# क्राइम कंट्रोल के लिए करेंगे मिलकर काम

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक मनोज मालवीय, बिहार के पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी और झारखंड के इनके समकक्ष अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। कोलकाता के भवानी भवन स्थित राज्य पुलिस मुख्यालय में मीडिया से मुखातिब तीनों वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि बिहार, बंगाल और झारखंड पुलिस मिलकर अपराध नियंत्रण के लिए पहले भी काम करते रहे हैं और आगे और अधिक सक्रियता से करेंगे। बिहार के पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी ने कहा कि अवैध हथियारों की सप्लाई और कारखानों पर हमारी पैनी नजर है। पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों में इस प्रकार की खबरें आती रहती हैं। हमलोग उस पर लगाम लगाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। आने वाले समय में जल्द ही इस पर प्रतिबंध लगेगा।

### महाराष्ट्र दलबदल विवाद | ठाकरे धड़ा फिर पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

# निशिचत अवधि में फैसला देने की अपील की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे(यूबीटी) ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कुछ अन्य विधायकों के खिलाफ एक साल से अधिक समय से लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर राज्य विधानसभा अध्यक्ष को निर्णय लेने का निर्देश देने के लिए मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की। शीर्ष अदालत के समक्ष पार्टी के मुख्य सचेतक सुनील प्रभु ने एक नयी रिट याचिका दायर कर लंबित अयोग्यता की कार्यवाही पर निर्णय लेने में अध्यक्ष पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है। इसके साथ ही याचिका में अयोग्यता पर एक निश्चित अवधि और हो सके तो दो सप्ताह के भीतर कोई फैसला करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई है। रिट याचिका में दावा किया गया है कि अयोग्यता की कार्यवाही पर निर्णय लेने में



विधानसभा अध्यक्ष की निष्क्रियता संवैधानिक नजरिए से गंभीर अनुचित कार्य है, क्योंकि इससे अयोग्य ठहराए जाने वाले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री सहित कई विधायकों को विधानसभा और जिम्मेदार पदों पर बने रहने की अनुमति मिल गई है। शिवसेना(यूबीटी) ने अपनी ताजा याचिका में तर्क दिया कि विधानसभा अध्यक्ष ने 23 जून 2022 से लंबित अयोग्यता याचिकाओं के संबंध में कोई बैठक नहीं बुलाई है, जबकि सर्वोच्च संविधान पीठ के 11 मई 2023 के आदेश के बाद उन्हें तीन प्रतिनिधिमंडल भेजे गए थे।

इनमें उन्हें निर्णय एक उचित अवधि के भीतर करने को कहा गया था। याचिका में यह भी कहा गया कि शीर्ष अदालत के लिए यह सुनिश्चित करने के लिए उचित निर्देश जारी करना संवैधानिक रूप से अनिवार्य है कि दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के प्रावधान केवल अध्यक्ष की निष्क्रियता के कारण निष्प्रभावी न हो जाएं। याचिका में कहा गया है कि महाराष्ट्र विधानसभा के तत्कालीन अध्यक्ष का कार्यभार संभाल रहे उपाध्यक्ष के समक्ष 23 जून 2022 को कुल 16 अयोग्यता याचिकाएं दायर की गईं थीं। इसी के मद्देनजर 25 जून 2022 को उपाध्यक्ष द्वारा नोटिस जारी किए गए, जिसमें बागी विधायकों को 27 जून 2022 तक अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया गया था।




### आयुष्मान खुराना का पंजाबी-पॉप फ्यूजन नंबर 'रतन कलियां' रिलीज



**बॉलीवुड** स्टार आयुष्मान खुराना ने 'पानी दा रंग' के कंपोजर रोचक कोहली के साथ नए ट्रैक 'रतन कलियां' पर काम किया है। यह एक पंजाबी-पॉप फ्यूजन नंबर है, जिसके बोल गुरप्रीत सैनी और गौतम शर्मा ने लिखे हैं। आयुष्मान की आवाज ट्रैक में एक नया आयाम जोड़ती है। गाने का म्यूजिक वीडियो डार गाई द्वारा निर्देशित किया गया है। गाने के बारे में बात करते हुए, आयुष्मान ने कहा, मुझे उम्मीद है कि यह गाना लोगों के दिलों को छू जाएगा और लोगों की प्लेलिस्ट में शामिल हो जाएगा। मेरे बचपन के दोस्त रोचक कोहली के साथ काम करना हमेशा खुशी की बात रही है। उन्होंने आगे उल्लेख किया, जब म्यूजिक की बात आती है तो उनका नाम सबसे पहले दिमाग में आता है। वह बेहद भावुक और बहुमुखी हैं। उन्होंने इस कम्पोजीशन में खूब मेहनत की है। मैं हमारी डिस्कोग्राफी में एक और स्पेशल सॉन्ग जोड़ने के लिए एक बार फिर उनके साथ सहयोग करने के लिए रोमांचित हूं।

### 'फैमिली मैन 3' की शूटिंग का इंतजार कर रहे हैं मनोज बाजपेयी



**अभिनेता** मनोज बाजपेयी ने कहा कि वह भी 'फैमिली मैन 3' की शूटिंग शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं और जल्द ही अपने प्रशंसकों को खुशखबरी देंगे। प्राइम वीडियो सीरीज 'द फैमिली मैन' के साथ अपना ओटीटी डेब्यू करने वाले अभिनेता ने हाल ही में एक पुरस्कार समारोह में भाग लिया, जहां उनकी फिल्म 'गुलमोहर' को पुरस्कृत किया गया। अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्मों के बारे में बात की। 'द फैमिली मैन 3' के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह भी शूटिंग शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। जल्द ही फैंस को खुशखबरी देंगे। इसके अलावा वेब सीरीज 'सूप' नेटफ्लिक्स पर आएगी। लेकिन, इसकी रिलीज में अभी समय है। एक्टर की फिल्म 'सिर्फ एक बंदा काफी है' ओटीटी से थिएटर में आने वाली पहली फिल्म बन गई है।

### सलमान खान के होस्ट शो 'बिग बॉस ओटीटी 2' पर बरसी कंगना रनौत



**एक्ट्रेस-फिल्ममेकर** कंगना रनौत ने एक्टर सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 2' पर बिना नाम लिए हमला बोला। कंगना ने इंस्टाग्राम पर नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर अभिनीत अपने प्रोडक्शन वेंचर 'टीकू वेड्स शेरू' की सराहना की। उन्होंने लिखा, हम जल्द ही एक करोड़ व्यूज का आंकड़ा पार कर लेंगे, जो थिएटर के 100 करोड़ दर्शकों के बराबर है, भले ही एक घर में एक टीवी पर कई दर्शक कंटेंट देख रहे हों... यह एक अनुमानित तुलना है। इस पोस्ट को लेकर कई लोगों का मानना है कि कंगना ने 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2' के बारे में लिखा है, जिसमें फलक नाज, अंजलि अरोड़ा, अविनाश सचदेव, पलक पुरस्वानी, पूजा भट्ट, जिया शंकर, बेबिका धुर्वे, जद हदीद, साइरस ब्रोचा, मनीषा रानी और अभिषेक मल्हान जैसे कंटेस्टेंट्स हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो कंगना अपने निर्देशन में बनी फिल्म 'इमरजेंसी' की तैयारी कर रही हैं। उनकी झोली में 'चंद्रमुखी 2', 'तेजस', 'मणिकर्णिकाः द क्वीन ऑफ दिद्दा' और 'सीताः द इनकारनेशन' भी हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### चोटिल ओली पोप एशेज 2023 से बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप कंधे की चोट के कारण मंगलवार को पुरुष एशेज 2023 टेस्ट सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार, पिछले हफ्ते दूसरे टेस्ट के दौरान पोप का दाहिना कंधा खिसक गया था और उन्हें सर्जरी की आवश्यकता होगी। ईसीबी ने एक बयान में कहा, सोमवार को लंदन में स्कैन से चोट की पूरी गंभीरता का पता चला और वह शेष ग्रीष्मकालीन अभियान से चूक जाएंगे और सर्जरी की आवश्यकता होगी। वह अपने पुनर्वास के संबंध में इंग्लैंड और सरे मेडिकल टीमों के साथ मिलकर काम करेंगे।

### स्टार फुटबॉलर नेमार ने किया पर्यावरण नियमों का उल्लंघन



**नई दिल्ली।** ब्राजील के अधिकारियों ने सोमवार को घोषणा की फुटबॉल स्टार नेमार पर दक्षिणपूर्वी ब्राजील में अपनी तटीय हवेली के निर्माण के दौरान पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने के लिए 16 मिलियन रीसिस (3.33 मिलियन डॉलर करीब 28.6 करोड़ रुपए) का जुर्माना लगाया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने पहली बार पिछले महीने के अंत में आरोप लगाया और सोमवार को पुष्टि की कि लक्जरी परियोजना ने मीठे पानी के स्त्रोतों, चट्टान और रेत के उपयोग और मूवमेंट को नियंत्रित करने वाले नियमों का उल्लंघन किया है।

### कुश्ती ट्रायल पर फैसला नहीं ले सकी आईओए की तदर्थ समिति




**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति की मंगलवार को यहां हुई बैठक में एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप के लिए कुश्ती ट्रायल कराने की तारीख तय नहीं हो सकी चूंकि एशियाई ओलंपिक परिषद ने 15 जुलाई की समय सीमा बढाने के उसके अनुरोध पर अभी जवाब नहीं दिया है। आईओए को एशियाई खेलों में भाग लेने वाले सभी भारतीय खिलाड़ियों के नाम 15 जुलाई तक देने हैं। यह समय सीमा बढाकर दस अगस्त करने का अनुरोध किया गया है ताकि प्रदर्शनकारी पहलवानों को समय मिल सके। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और एशियाई खेल स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट समेत छह पहलवानों ने खेल मंत्रालय से एशियाई खेलों के ट्रायल के लिये तैयारी का अतिरिक्त समय मांगा है। तदर्थ समिति ने उन्हें एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप ट्रायल से रियायत दे दी है और अब उन्हें बस एक मुकाबला खेलना होगा।

# ऊषा ने गरीब बच्चों को फायदा पहुंचाने के लिए देशभर में लॉन्च किया डिस्क ग्रांट प्रोग्राम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऊषा इंटरनेशनल ने हाल ही में डिस्क ग्रांट प्रोग्राम लॉन्च किया है और यह पहल पूरे भारत में विश्वस्तरीय फ्लाइंग डिस्क प्रदान करेगी, ताकि अल्टीमेट खेल और उसके फायदों को बढ़ावा दिया जा सके। अल्टीमेट, जैसा कि आमतौर पर जाना जाता है, एक सेल्फ-रेफरीड, नॉन-कॉन्टैक्ट टीम स्पोर्ट है, जोकि भारत में मुख्यतः मिक्स्ड-जेंडर फॉर्मेट में खेला जाता है। ऊषा इस खेल को लोकप्रिय बनाने और इसे देश के हर जिले, शहर तथा राज्य के बच्चों तक, खासकर कम सेवा-प्राप्त क्षेत्रों में ले जाने की कोशिश कर रही हैं। यह पहल ऊषा के व्यापक प्ले के सपने के अनुरूप है, जिसका लक्ष्य खेलों और गेम्स के माध्यम से समुदायों को सशक्त कर और सभी को शामिल करते हुए सक्रिय एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। कंपनी मिलकर काम करने और ऐसे क्षेत्रों की पहचान करने के लिए भारत में सक्रिय रूप से भागीदारी चाह रही है, जहां डिस्क ग्रांट का बच्चों और युवाओं पर बदलाव लाने वाला असर पड़ सके। शुरूआत के लिए पायलट प्रोग्राम का संचालन दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वाय-अल्टीमेट एनजीओ के साथ किया गया, जिसने चयन में परामर्शदाता का काम किया। इस पायलट के माध्यम से दिल्ली-एनसीआर में कमजोर सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमियों के बच्चों के लिए समर कैम्प्स रखे गये, जिनका लक्ष्य व्यक्तिगत विकास एवं जीवन के कौशल देना था। इन शिविरों में बच्चों और युवाओं ने डिस्क (या फ्रिस्बी) का इस्तेमाल कर खेले जाने वाले खेल की मुश्किलें समझीं और उन्हें बिना किसी हिंसा के विवाद को सुलझाने, आदरपूर्ण संवाद, स्व-विनियमन और लैंगिक संवेदना के सबक दिये गये। इस पहल पर अपनी बात रखते हुए, ऊषा इंटरनेशनल में स्पोर्ट्स इनिशियेटिव्स एंड एसोसिएशंस की हेड कोमल मेहरा ने कहा, "ऊषा में हमने समझा कि अच्छी गुणवत्ता की डिस्क्स की कमी इस अन्यथा सुलभ एवं समावेशी खेल की वृद्धि को बाधित कर रही थी, जोकि लिंग, वंश, जाति और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की बाधाओं को तोड़ता है और इसलिए हमने डिस्क ग्रांट प्रोग्राम लॉन्च किया। हम इसे पूरे भारत में बढ़ाना चाहते हैं और उन हजारों युवाओं को प्रभावित तथा प्रेरित करना चाहते हैं, जिन्हें अल्टिमेट खेल को सीखने की गतिविधि में भाग लेने से शारीरिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक फायदा होगा।" पायलट में डिस्क्राफ्ट, यूएसए द्वारा निर्मित प्रतियोगिता गुणवत्ता की 150 फ्लाइंग डिस्क्स का वितरण दरिया गंज, हाथी बस्ती, केशवपुरम, कीर्ति नगर, किशनगढ़, मयूर विहार, नोएडा, पुष्पविहार, संगम विहार, संजय कॉलोनी, शकूर बस्ती, सीमापुरी, सुल्तानपुरी और तुगलकाबाद में वाय-अल्टिमेट द्वारा आयोजित कैम्पों में किया गया, जिससे 700 बच्चों को फायदा हुआ। ग्रांट के पहले लाभार्थी, वाय-अल्टीमेट के सह-संस्थापक बेनोय स्टीफन ने कहा, "वाय-अल्टीमेट में हमारा मिशन अल्टीमेट फ्रिस्बी के मजेदार खेल के माध्यम से बच्चों, खासकर निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के बच्चों को जीवन के कौशल के बारे में शिक्षा देना है। इस मिशन की शुरूआत में ऊषा का सहयोग मिलना सौभाग्य की बात है। हमारे द्वारा ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक पहुंचने और उन्हें अल्टीमेट फ्रिस्बी के खेल से विकसित करने की कोशिश में ऊषा प्ले का डिस्क ग्रांट प्रोग्राम हमें जरूरी उपकरण, यानि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाली डिस्क्स प्रदान करने के लिए एक बड़ा सहयोग है। हम इस भागीदारी को पूरे भारत में इस खेल के फायदों को ले जाने की दिशा में शुरूआती कदम के तौर पर देख रहे हैं।"ऊषा देश में खेलों की समावेशी पहलों की एक बड़ी श्रृंखला को सहयोग और बढ़ावा देती हैं। इनमें मुंबई इंडियन्स फ्रैंचाइजी, अल्टिमेट फ्लाइंग डिस्क, गोल्फ, दिव्यांगों के लिए क्रिकेट, दृष्टिबाधितों के लिए खेल (एथलेटिक्स, कबड्डी, जूडो और पावरलिफ्टिंग) और भारत के घरेलू खेलों, जैसे कि कलारी, मल्लखम्ब, सियातखनाम, थांग-टा, साज-लोउंग, सतोलिया (लोकप्रिय नाम पिठू), आदि के साथ भागीदारी शामिल है।

## वांग चुकिन टेबल टेनिस में नए पुरुष विश्व नंबर 1 बने



**बीजिंग।** अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) ने मंगलवार को अपनी नवीनतम विश्व रैंकिंग जारी की, जिसमें चीन के टेबल टेनिस के उभरते सितारे वांग चुकिन पुरुष एकल वर्ग में नए विश्व नंबर 1 बन गए। वांग के हमवतन फैन जेंडॉन्ग लगातार 142 सप्ताह तक शीर्ष पर रहे थे। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर स्मैश 2022 से आईटीटीएफ विश्व रैंकिंग अंक समाप्त होने के साथ, 23 वर्षीय वांग ने फैन से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। आईटीटीएफ वेबसाइट पर एक लेख में लिखा गया है, यह उपलब्धि वांग की उल्लेखनीय यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण है, जो उनकी असाधारण प्रतिभा और महानता की अटूट खोज को उजागर करती है। इस जोड़ी ने पुरुषों की विश्व रैंकिंग में अनुभवी मा लोंग के साथ एक अग्रणी चीनी तिकड़ी बनाई। विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) के नव-विजेता कंटेंडर जाग्रेब लिन गाओयुआन छठे स्थान पर पहुंच गए, जबकि साथी चीनी पैडलर लियांग जिंगकुन सातवें स्थान पर हैं। अन्य पुरुष विश्व के शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जापान के टोमोकाजू हरिमोटो, ब्राजीलियाई स्टार ह्यूगो काल्डेरानो, दक्षिण कोरिया के जांग वू-जिन, स्लोवेनिया के डार्को जोर्जिक और चीनी ताइपे के लिन युन-जू शामिल हैं। महिलाओं में, सुन यिंग्शा, वांग यिडी, चेन मेंग, वांग मन्यु, चेन ज़िंगटोंग और कियान तियानि ने चीन के लिए शीर्ष छह स्थान हासिल किए, जिसमें वांग यिडी दो स्थान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहीं।

## वनडे रैंकिंग : श्रीलंका की बल्लेबाज ने रचा इतिहास

# टॉप पर पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी बनीं चमारी अटापट्टू



### हरमनप्रीत और स्मृति को हुआ नुकसान

**एजेंसी। दुबई**

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक-एक स्थान के नुकसान से क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर है। आक्रामक बल्लेबाज हरमनप्रीत के 716 रेटिंग अंक हैं जबकि स्मृति के उनसे दो अंक कम हैं। वहीं श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू 758 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही हैं, जिसके साथ उन्होंने नया इतिहास चर दिया। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। गेंदबाजी विभाग में बाएं हाथ के स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ (617 अंक) और सीनियर ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा क्रमशः आठवें और 10वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टोन 751 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही हैं। ऑलराउंडर की सूची में भारत की दीप्ति 322 अंक के साथ छठे स्थान पर हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में स्मृति 722 अंक के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई है। दीप्ति गेंदबाजी सूची में 729 अंक के साथ एक स्थान के फायदे से चौथे पायदान पर हैं। रेणुका 700 अंक के साथ नौवें स्थान पर चल रही हैं। दीप्ति हालांकि ऑलराउंडर की सूची में 393 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। चामरी इस बीच महिला एकदिवसीय खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाली अपने देश की पहली खिलाड़ी बनीं। आईसीसी महिला चैंपियनशिप में उन्होंने न्यूजीलैंड पर अपनी टीम की 2-1 की जीत में अहम भूमिका निभाई।

### चामरी ने जयसूर्या की बराबरी की

**बाएं** हाथ की बल्लेबाज चामरी ने इस तरह सनथ जयसूर्या की बराबरी की जो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय पुरुष बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले श्रीलंका के एकमात्र खिलाड़ी हैं। वह सितंबर 2002 से मई 2003 तक 181 दिन तक शीर्ष पर रहे। चामरी ने तीन मैच में दो शतक जड़े जिससे उनके छह स्थान का फायदा हुआ जिससे वह शीर्ष पर चल रही ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी को पछाड़ने में सफल रहीं। मूनी 10 मई से शीर्ष पर थीं। चामरी ने पहले मैच में 83 गेंद में नाबाद 108 जबकि तीसरे मैच में 80 गेंद में नाबाद 140 रन बनाए। वह श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुनी गईं। इससे पहले 2014 में श्रीलंका की बाएं हाथ की तेज गेंदबाज उदेशिका प्रबोधनी टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों और शशिकला श्रीवर्धने टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर पहुंची थीं। चामरी के 758 रेटिंग अंक हैं जो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में श्रीलंका की महिला खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक अंक है। उनके बाद देबुनु सिल्वा का नंबर आता है जिन्होंने 587 अंक जुटाए थे। वह अप्रैल 2010 में 11वें स्थान पर भी रही थी जो श्रीलंका की किसी खिलाड़ी का एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अगले साल इंग्लैंड का दौरा करेगा पाकिस्तान

**एजेंसी। कराची**

अमरीका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 की तैयारियों के तहत पाकिस्तान अगले साल चार टी20 मैच की श्रृंखला के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को कहा कि पुरुष टीम के अलावा राष्ट्रीय महिला टीम भी अगले साल मई में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी। इंग्लैंड पहुंचने से पहले पाकिस्तान की पुरुष टीम नीदरलैंड और आयरलैंड के खिलाफ भी तीन-तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की श्रृंखला खेलेगी। पाकिस्तान को पिछले टी20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। टीम ने 2021 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी जहां उसे ऑस्ट्रेलिया ने हराया था। इंग्लैंड के खिलाफ मैच लीड्स (22 मई), बर्मिंघम (25 मई), कार्डिफ (28 मई) और लंदन के द ओवल (30 मई) में खेले जाएंगे। इंग्लैंड आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय में दूसरे जबकि पाकिस्तान चौथे नंबर की टीम है। महिला टीम के दौरे की शुरूआत 11 मई को बर्मिंघम में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय से होगी जबकि दो अन्य मैच नार्थम्पटन (17 मई) और लीड्स (19 मई) में खेले जाएंगे। तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय डर्बी, टॉनटन और चेम्सफोर्ड में क्रमशः 23, 26 और 29 मई को होंगे।



### बाबर आजम ने जीता फैंस का दिल

**पाकिस्तान** के कप्तान बाबर आजम ने आगामी लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के दौरान सट्टेबाजी कंपनी के लोगो वाली पोशाक पहनने और प्रचार करने से इनकार कर दिया है जबकि पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में कई फ्रेंचाइजी का प्रायोजन सट्टेबाजी कंपनियां करती हैं। बाबर के एक करीबी सूत्र ने बताया कि इस पाकिस्तानी खिलाड़ी ने इस साल एलपीएल के अनुबंध में हस्ताक्षर के दौरान यह नियम डलवाया है कि वह किसी सट्टेबाजी कंपनी से नहीं जुड़ेंगे। सूत्र ने कहा, अधिकांश पाकिस्तानी खिलाड़ी फ्रेंचाइजी मालिकों और लीग आयोजकों से कह रहे हैं कि वे किसी सट्टेबाजी कंपनी के लोगो वापसी पोशाक नहीं पहनना चाहते और ना ही उनका प्रचार करना चाहते हैं। इससे पहले सीनियर खिलाड़ी मोहम्मद रिजवान ने पाकिस्तान सुपर लीग में सट्टेबाजी कंपनी के लोगो वाली पोशाक पहनने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तान के कुछ खिलाड़ियों ने जहां सट्टेबाजी कंपनियों के विज्ञापन के खिलाफ रुख अपनाया है तो वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और उसकी कुछ फ्रेंचाइजी को पिछले सत्र में सट्टेबाजी कंपनियों ने प्रायोजित किया था और खिलाड़ियों ने अपनी जर्सी पर ऐसी कंपनियों के लोगो लगाए थे। पीएसएल और हाल में एक घरेलू श्रृंखला के दौरान पीसीबी का एक मुख्य प्रायोजक सट्टेबाजी वेबसाइट थी जिससे अपने प्रचार के लिए परोक्ष विज्ञापन का सहारा लिया था। लेकिन सूत्र के अनुसार बाबर ने एलपीएल की अपनी फ्रेंचाइजी कोलंबो स्ट्राइकर्स को साफ तौर पर इनकार कर दिया है। बाबर 30 जुलाई से 22 अगस्त तक होने वाली एलपीएल में कोलंबो स्ट्राइकर्स की अगुआई करेंगे।

# जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में



**एजेंसी। राउरकेला**

हॉकी ओडिशा ने सोमवार देर रात यहां बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में तमिलनाडु को 4-0 से हराकर 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ओडिशा के लिए प्रतिभा एक्का (9''), रंभा कुजूर (16''), आशिमा राउत (29'') और पूजा साहू (58'') ने गोल किया।

ओडिशा ने मैच में आक्रामक शुरूआत की। मैच के 9वें मिनट में प्रतिभा एक्का ने गोल कर पहले क्वार्टर की शुरूआत में ही अपनी टीम को बढ़त दिला दी।

## टेस्ट टीम में अय्यर की जगह पर बोले आकाश चोपड़ा

# 'अभी भी बहुत कुछ साबित करना बाकी है'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

श्रेयस अय्यर चोटों के कारण इस महीने के अंत में विंडीज के खिलाफ भारत की आगामी वनडे और टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा के अनुसार पीठ की चोट के कारण आईपीएल 2023 से चूकने वाले कोलकाता नाइट राइडर के कप्तान को खेल के सबसे लंबे प्रारूप में कमान संभालने के लिए पर्याप्त रूप से तैयार नहीं माना गया है। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा को लगता है कि बल्लेबाज चलती गेंद के प्रति संवेदनशील



होता है और शॉर्ट गेंद के खिलाफ भी असहज दिखता है, टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए उसे अपने खेल से कुछ हटना होगा। चोपड़ा ने कहा, 'श्रेयस अय्यर - अच्छे खिलाड़ी, न्यूजीलैंड के खिलाफ पदार्पण पर शतक बनाया और दूसरी पारी में भी रन बनाए। लेकिन मेरी राय में टेस्ट बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को अभी भी बहुत कुछ साबित करना है। उन्होंने बांग्लादेश में भी बहुत अच्छा खेला। वह स्पिन को बहुत अच्छे से खेलता है, इसमें कोई संदेह नहीं है। हालांकि, दो चीजें हैं जो उसके करियर को परिभाषित कर सकती हैं - शॉर्ट बॉल के खिलाफ उसका खेल और दूसरा रनिंग गेंद के खिलाफ - जब गेंद पिच होती है और स्विंग होती है, और दूसरा है बाउंसर।' पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'जब तक वह इन दोनों चीजों में पारंगत नहीं हो जाते, तब तक यह कहना भी मुश्किल है कि उनका टेस्ट करियर आगे बढ़ेगा या नहीं।

# पीवी सिंधू बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 15वें स्थान पर खिसकी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ताजा बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में तीन पायदान खिसककर 15वें स्थान पर पहुंच गई । इस साल अप्रैल में शीर्ष दस से बाहर हुई सिंधू के 13 टूर्नामेंटों में 51070 अंक हैं। वह इस सप्ताह कनाडा ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भाग लेगी। पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान एड़ी में फ्रेक्चर के कारण वह पांच महीने कोर्ट से दूर रही थी। वह इस सत्र में मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 के फाइनल में और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 में सेमीफाइनल में पहुंची थी। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी



युगल रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं। पुरूष एकल में एच एस प्रणय आठवें स्थान पर हैं जबकि लक्ष्य सेन 19वें और किदाम्बी श्रीकांत 20वें स्थान पर है । महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद एक स्थान गिरकर 17वें स्थान पर है।

## आरोप | बेयरस्टो के रन आउट पर कैफ ने दी प्रतिक्रिया

# 'खेल भावना का सवाल नहीं उठता'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट के बाद इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो की विकेट पर खड़ा हुआ विवाद खत्म नहीं हो रहा है। दूसरे एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 43 रन से जीत दर्ज की थी और मैच के खत्म होने के बाद बेयरस्टो के रन आउट पर विवाद खड़ा हो गया। मैच के बाद इंग्लैंड की मीडिया और कई क्रिकेट विशेषज्ञ के रन आउट पर चर्चा करते हुए, इसे खेल भावना के खिलाफ बताया था। वहीं कई क्रिकेट विशेषज्ञ इस पूरे मामले को जायज ठहरा रहे हैं। अब इस मामले पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने प्रतिक्रिया दी है और उन्होंने बेयरस्टो की विकेट को जायज ठहराया है।

मोहम्मद कैफ ने एक न्यूज चैनल से बातचीत करते हुए कहा, इस मामले में खेल भावना का कोई सवाल ही नहीं उठता है। ये कोई रॉकेट साइंस नहीं है। बेयरस्टो इसलिए रन आउट करार दिए गए थे, क्योंकि वह क्रीज से बाहर थे। बेयरस्टो बार-बार ऐसा कर रहे थे और एलेक्स कैरी को यह पता था।एक बल्लेबाज के तौर पर बल्लेबाज को यह पता होना चाहिए कि गेंद अगर विकेटकीपर के पास जाती है तो फिर आपको अपनी क्रीज में रहना होता है।



**बेयरस्टो के रन आउट का पूरा मामला :** दरअसल, दूसरे एशेज टेस्ट के अंतिम दिन 52वें ओवर में एक विवादास्पद क्षण देखने को मिला जब ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने सीधे थ्रो से इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को रन आउट कर दिया।

10 रन पर बल्लेबाजी कर रहे बेयरस्टो आउट होने से स्तब्ध रह गए, क्योंकि उन्हें विकेटकीपर से थ्रो की उम्मीद नहीं थी और वह गेंद को डेड समझकर क्रीज से बाहर चले गए थे।

**बेन स्टोक्स और पैट कमिंस ने मैच के बाद दिया था ये बयान :** मैच के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने विवादास्पद क्षण पर खुलकर बात की और स्वीकार किया कि वह आउट हो गए थे, लेकिन यह भी उल्लेख किया कि अगर वह ऑस्ट्रेलिया की जगह होते तो खेल की भावना के बारे में सोचते। उन्होंने कहा, 'दिन के अंत में, यह आउट था। लेकिन अगर दूसरे छोर पर होते, तो मुझे खेल की भावना के बारे में सोचना पड़ता। हमें बस आगे बढ़ना है।'

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने भी इस घटना पर अपने विचार साझा किए। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने कहा कि विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने पहले भी इसी तरह की घटना देखी थी और बताया कि आउट करना खेल के नियमों का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा, 'कैरी ने पहले भी ऐसा होते देखा था, यह कानून में है, पूरी तरह से निष्पक्ष। मैंने इसे ऐसे ही देखा।'

